
कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 221 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
05 फरवरी 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
14 न्यूनतम






## पीएम मोदी ने महाकुंभ में लगाई पुण्य की डुबकी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाकुंभ में पहुंचकर संगम पर गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। उन्होंने भगवा रंग के कपड़े पहन रखे थे। गले में रुद्राक्ष की माला थी। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। सीएम योगी उनके साथ रहे। मंत्रोच्चार के बीच पीएम मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। डुबकी के बाद मोदी ने अखाड़ों के आचार्य महामंडलेश्वर सहित 26 संतों के साथ गंगा पूजन भी किया। मोदी मोटर बोट से योगी के साथ संगम पर पहुंचे थे। वे करीब ढाई घंटे प्रयागराज में रहे। इससे पहले मोदी का विमान बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हैलिपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के ड्ढड्ढ घाट पहुंचा। वहां से बोट से संगम पहुंचे। खास बात यह है कि महाकुंभ में उनका दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 13 दिसंबर को यहां आए थे। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसलिए पीएम मोदी बमरौली एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से अरैल पहुंचे। वहां से वे बोट से मेला क्षेत्र आए। मेले की सुरक्षा बड़ा दी गई । संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात रही।

## जापान से निवेश के गुर सीखकर लौटी है यादव और अफसरों की टोली

सूबे में 24 और 25 फरवरी को प्रस्तावित वैश्विक निवेश सम्मेलन( जीआई समिट ) कितना कामयाब होगा इसका पता तो समिट के दौरान हुए करारों और उनके जमीन पर उतरने के बाद पता चलेगा, लेकिन मुख्यमंत्री और उनके साथ गए अफसरों की टोली अनुभवों का वह खजाना लेकर लौटी है जो जीडीपी में कृषि के 65 फीसदी से ज्यादा के योगदान में औद्योगिक पूंजी निवेश के योगदान को बढ़ावा देने में कारगर साबित हो सकती है। यूं तो मुख्यमंत्री ने जापान प्रवास के दौरान


प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

पूंजी निवेश के लिए वहां के उद्यमियों के साथ मैराथन बैठकों का सिलसिला चलाए रखा। 2016 में टोक्यो की निर्वाचित गर्वनर यूरिको कोईवे से मुलाकात की। 15 मिनट की प्रस्तावित मुलाकात 25 मिनट से ज्यादा चली। मुलाकात का मकसद था कि यूरिको कोईवे जापान के उद्योगपतियों को मप्र में निवेश के लिए तैयार करने की दिशा में सेतु का काम करें। मोहन यादव की मुलाकात ज्यादा लंबी इसीलिए खिंची, क्योंकि कोईवे यादव सरकार की उद्योगों की स्थापना के लिए प्रतिबद्धता से प्रभावित दिखीं। सच तो यह है कि जापान का कोई भी निवेशक भारत ही नहीं किसी और भी देश की ओर से दिए जाने वाले प्रस्तावों को लेकर आसानी से तैयार नहीं होते। नागासाकी और हिरोशिमा में हुए परमाणु हमलों का दंश झेलने के बावजूद जापान ने भले ही काफी तेजी से तरक्की की उड़ान भरी हो लेकिन न सिर्फ जापानी समाज बल्कि वहां के उद्योपति काफी कंजरवेटिव सोच लेकर चलते हैं। डॉ मोहन यादव के साथ अफसरों की टोली में शामिल एक अफसर ने बताया कि वहां के जो भी निवेशक भोपाल आने को राजी हुए हैं वे मप्र सरकार की ओर से दिए गए भरोसे के बाद ही तैयार हुए। मुख्यमंत्री ने उनको भरोसा दिलाया है कि वह सिर्फ हामी भरें उनकी सरकार उन्हें निवेश और उद्योगों की स्थापना में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने देंगे। यानि न तो सरकार के स्तर पर उन्हें कोई तकलीफ होगी और न शासन -प्रशासन के स्तर पर कोई अड़चन आएगी।

डॉ यादव और उनके साथ गए सरकारी अमले को जिस बात ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया वह थी जापान के उद्योपतियों की सादगी और उनका संजीदगी से भरा आचरण। वे लक्जरी लाइफ से बचते हैं। अपनी आर्थिक हैसियत का अहंकार भी वे नहीं पालते। उन्हें बड़े-बड़े बंगलों और हवेलियों में रहने के बजाए बेहद छोटे घरों में रहना पसंद है। फैशनेबिल परिधानों और मंहगे ब्रांड के कपड़ों को अपनाने की होड़ और दौड़ से हटकर उच्च गुणवत्ता के फैशनेबिल के साथ किफायती परिधानों का बाजार जापान से शुरू हुआ और एफोंडेबिल दामों पर फैशनेबिल और अच्छी क्वालिटी का बाजार भारत सहित एशिया से लेकर यूरोप और अमेरिका में तेजी से विकसित हो रहा है।

इस अवधारणा को बदलने के मामले में 25 देशों में 2250 रिटेल खोल चुके जापान के तदाशी यानी इसकी जीती जागती मिसाल बन चुके हैं।1998 में हिरोशिमा में यूनिक्लो के नाम से 300 रिटेल स्टोर खोलने वाले तदाशी यानि ने बाईस सालों में 25 देशों इसका विस्तार करके जारा, बेंटन जैसे मंहगे ब्रांडेड परिधानों के बाजार के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। 1972 में उनके पिता ओवेगी शोजी ने मर्दो के परिधानों की टेलरिंग चैन से इसकी शुरूआत की थी। 1994 में तदशी यानी के हाथ में कमान आने के बाद उन्होंने इसका विस्तार किया लेकिनन 1998 में कंपनी की कमान उनके हाथ में कमान आने के बाद यूनिक्लो (यानि यूनिक क्लोदिंग) के स्टोर ने आकार लेना शुरू किया। तदाशी यानी ने अपने कारोबार को विस्तार देने के लिए यूरोप और अमेरिका में प्रचलित मंहगे ब्रांडेड परिधानों के रिटेल स्टोर का जायजा लिया। उन्हें तुरंत समझ में आ गया कि यदि उन्हें अपने कारोबार का विस्तार करना है तो अच्छी क्वालिटी के साथ एफोंडेबिल परिधानों के फैशनबिल परिधानों के उत्पादन से लेकर उनको रिटेल स्टोर्स के जरिए उसकी बिक्री पर ध्यान देना होगा।



तदाशी अपने 'विद आउट सोल, ए कंपनी इस नथिंग' वाले मंत्र के लिए जाने जाते हैं। इसे उन्होंने अपने कर्मचारियों के मन में भरा। यह कारोबार की दुयिा के 23 मंत्रों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने कर्मचारियों को इसके लिए तैयार किया कि अपने कस्टमर को सबसे आगे रखो और अपने को ले ही नुकसान हो लेकिन समाज को वापस लौटाने के लिए तैयार रहो। तदाशी यानी 56 हजार कर्मचाारियों के साथ इसी मनोभाव के साथ आगे बढ़ते हुए परिधानों के खुदरा व्यापार के बाजार में यूनिक्लो स्टोर के जरिए अपना कैपेटालाइजेशन 50 बिलियन यूएस डालर के पार पहुंचा चुके हैं। सूत्रों की माने तो आपको यह जानकर हैरत होगी कि दिल्ली ,गुरूग्राम से लेकर देश के कई महानगरों के शापिंग माल में यूनिक्लो स्टोर की चैन को मप्र के शहरों तक पहुंचाने के लिए तदाशी यानी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने के लिए 45 मिनट तक इंतजार किया। यह उनकी विनम्रता और कारोबार के विस्तार के लिए उनकी अभिरूचि को दर्शाता है। यादव की अगुआई में निवेशकों को आमंत्रित दल का तदाशी ने दिल जीत लिया।

### 12 विद्यार्थियों को चाबियां सौंपी, कुल 7900 छात्रों को मिलेगी

## मुख्यमंत्री बोले-योग्यता से बड़ी नैतिकता, स्कूली छात्रों को स्कूटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य सरकार ने आज अपना वादा निभाते हुए मेघावी छात्रो को स्कूटी वितरण शुरू किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्कूली विद्यार्थियों को स्कूटी बांटने की शुरूआत की। मप्र के सरकारी स्कूलों के 7,900 प्रतिभाशाली छात्रों को मुफ्त ई-स्कूटी दी जाएगी। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह मौजूद रहे। छात्रों से पेट्रोल और ई स्कूटी के बारे में पसंद पूछकर यह वितरण शुरू हुआ है। इस मौके पर सीएम यादव ने इतिहास के कई उदाहरण देते हुए संस्कारों को बेहतर रखने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि योग्यता से बडी नैतिकता भी होती है। उन्होंने सरकारी स्कूलों की महत्ता व यहां से निकली प्रतिभाओं का हवाला भी दिया और कहा कि खुद हमको प्राइवेट स्कूलों वाली सारी सुविधा नहीं मिली। हम भी सरकारी स्कूल से निकले हैं। यादव ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का उदाहरण दिया कि वे दुनिया के बडे शैक्षिक संस्थानो में पढे लेकिन उन्हें यह नहीं भान था कि जीरो बैलेंस भी बैंक खाता खोलकर पैसा हितग्राही तक पहुंचाया जा सकता है।



उल्लेखनीय है कि मप्र सरकार की स्कूटी योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर्स को स्कूटी दी जाती रही है। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से कुछ विद्यार्थियों को आज स्कूटी दी। बाकी स्टूडेंट्स को पात्रता प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। बताया जात है कि् बताया जाता है कि छात्रों की इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिये पसंद सामने आने के बाद विद्यार्थियों के बैंक खातों में 1 लाख 20 हजार रुपए जमा किए जाएंगे, जबकि पेट्रोल स्कूटी चुनने वाले छात्रों को 90 हजार रुपए के पात्रता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 7,778 छात्रों को स्कूटी मिली थी। इनमें 2,760 ई-स्कूटी और 5,018 पेट्रोल स्कूटी शामिल थीं। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कुल 40.40 करोड़ रुपए खर्च किए थे। 2,760 छात्रों को ई-स्कूटी खरीदने के लिए प्रति विद्यार्थी 1.25 लाख रुपए जबकि पेट्रोल स्कूटी के लिए 90 हजार से 1 लाख रुपए तक की राशि दी गई थी। इस योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में की गई थी। हाल में मुख्यमंत्री यादव ने कहा था कि योजना में बदलाव नहीं होगा। प्रतिभावान छात्रों को स्कूटी देंगे। लैपटाप के लिये भी राशि भी जल्द दी जाएगी। दरअसल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सीएम को जापानी भाषा में पत्र लिखा था। जिसमें सवाल खड़े किए थे कि सरकार प्रतिभावान छात्रों से किए जाने वाले वादों से मुकर गई है। लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपए मिलेंगे इसी तरह 'मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना' के तहत बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 75प्रतिशत या उससे अधिक नंबर हासिल करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25हजार की राशि दी जाती है। 22-23 में 78,641 विद्यार्थियों को यह फायदा मिला था, लेकिन इस बार यह संख्या 90,000 के पार पहुंच चुकी है।

## दिल्ली में मतदान का दौर



**नई दिल्ली।** राज्य विधानसभा की 70 सीटों के लिए आज सुबह 7 बजे से वोटिंग चल रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सुबह ही वोट डाल दिया। दोपहर एक बजे तक दिल्ली में लगभग पैंतीस फीसद वोटिंग हो चुकी है। दिल्ली में 1.56 करोड़ लोग शाम 6 बजे तक वोट कर सकेंगे। इसके लिए करीब 13 हजार पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं पांच पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 6,सीपीएम और सीपीआई ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें जनता दल- यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी- को दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव ल? रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। जबकि बसपा ने सभी 70 व असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।


**मेट्रो एंकर**

### शांतनु को टाटा मोटर्स का जीएम बनाया गया,वसीयत में था जिक्र

## समय चक्र पूरा, टाटा के दोस्त को बड़ा ईनाम

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय बिजनेसमैन रतन टाटा के चहेते रहे शांतनु नायडू अब फिर चर्चा में हैं। उन्हें टाटा ग्रुप ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए टाटा मोटर्स का जनरल मैनेजर और स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स का हेड बनाया गया है। शांतनु आखिरी समय तक रतन टाटा के साथ साए की तरह रहे हैं। इसे दोनों के बीच की दोस्ती भी कहा जाता था। इसी दोस्ती का इनाम दिवंगत बिजनेसमैन दुनिया को अलविदा कहते-कहते देकर गए हैं। रतन टाटा ने अपनी वसीयत में शांतनु नायडू को शामिल किया था। टाटा का निधन बीते साल 9 अक्टूबर को 86 साल की उम्र में हुआ था। उनकी अंतिम यात्रा में शांतनु नायडू सबसे आगे चलते दिखाई दे रहे थे। जब रतन टाटा के निधन के बाद जब उनकी वसीयत के बारे में खुलासा किया गया, तो इसमें टाटा ने अपनी वसीयत में जहां एक ओर शांतनु द्वारा एजुकेशन के लिए लिया गया पर्सनल लोन माफ कर दिया था, तो वहीं दूसरी ओर उनके स्टार्टअप 'गुडफेलोज' में अपनी हिस्सेदारी भी छोड़ दी थी। वसीयत में बड़ा इनाम मिलने के बाद शांतनु नायडू को अब जो बड़ी जिम्मेदारी मिली है, उसके बारे में उन्होंने खुद अपनी लिंक्डइन पोस्ट में जानकारी शेयर की और लिखा है, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर, हेड - स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स के पद पर काम शुरू कर रहा हूं! मुझे याद है जब मेरे पिता अपनी सफेद शर्ट और नेवी पैंट में टाटा मोटर्स प्लांट से घर आते थे, और मैं खिड़की पर उनका इंतज़ार करता था. अब यह पूरा चक्र पूरा हो गया है।



**ऐसे बने रतन टाटा के गहरे दोस्त:** शांतनु नायडू की रतन टाटा से मुलाकात और फिर दोस्ती की वहज पशु व जानवर प्रेम के कारण हुई। दोनों की मुलाकात साल 2014 में हुई थी। दरअसल, रतन टाटा को डॉग लवर के तौर पर भी जाना जाता था और नायडू उस समय एक्सीडेंट से बेसहारा कुत्तों को बचाने के लिए उनके गले में रिफ्लेक्टिव कॉलर बनाकर लगवाते थे। जिससे सड़क पर वाहन चलाते हुए ड्राइवर को यह रिफ्लेक्टिव कॉलर अंधेरें में भी दिख जाता था और वह वाहन को रोक देता था। इस आइडिया ने रतन टाटा को काफी प्रभावित किया था, जिसके बाद से रतन टाटा की शांतनु से मुलाकात हुई व शांतनु के असिस्टेंट बनने के बाद ये दोनों एक गहरे दोस्त हो गए। पहली बार जब नायडू, रतन टाटा से मिले थे तो वे महज 20 साल के थे.


### कौन हैं शांतनु नायडू?

रतन टाटा के बेहद करीबी रहे शांतनु का जन्म 1993 में पुणे में हुआ था. साल 2014 में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से शांतनु ने इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी की थी। इसके बाद, शांतनु 2016 में कॉर्नेल जॉनसन ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर की डिग्री हासिल की थी. अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत टाटा एलेक्सी में ऑटोमोबाइल डिजाइन इंजीनियर के तौर पर की। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक शांतनु जून 2017 से टाटा ट्रस्ट में काम कर रहे हैं।

**अवैध अप्रवासी**

## हथकड़ी लगातार ट्रंप ने भारतीयों को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** अमेरिका से खदेडे गए 205 अवैध अप्रवासी आज भारत पहुंच रहे हैं। पहली बार अमेरिका ने अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमान का इस्तेमाल किया है। इन भारतीय अवैध अप्रवासियों को लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पहुंच रहा है। ट्रंप अवैध अप्रवासियों को एलियन और अपराधी कहते आए हैं। इससे ट्रम्प ने अवैध अप्रवासियों को चार्टर्ड फ्लाइट की जगह सैन्य विमान से डिपोर्ट किया। खबरों के मुताबिक इन लोगों के हाथ में हथकड़ी और बेड़ियां लगीं हुई थीं। फ्लाइट में 205 लोगों के लिए सिर्फ 1 टॉयलेट है। भारत पहुंचने से पहले ईंधन भराने के लिए एयरक्राफ्ट जर्मनी के रामस्टीन एयर बेस पर उतरा। दरअसल ट्रम्प ने चुनाव में अवैध अप्रवासियों को देश से निकालने का वादा किया था। उन्होंने अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन करने को कहा था। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अमेरिका में अवैध तरीके से घुसकर अपराध करते हैं।








भोपाल, दोपहर मेट्रो। भोपाल के कोकटा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में बनाए गए ड्राइविंग ट्रेनिंग ट्रैक की हालत बेहाल।

### जैवविविधता को बचाने के लिए आम लोगों को साथ आना होगा

# अतिक्रमण और पानी की खराब गुणवत्ता से खतरे में वेटलैंड!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जैव विविधिता और वातावरण में अहम भूमिका निभाने वाले वेटलैंड को अतिक्रमण और प्रदूषण से खतरा है। अतिक्रमण कैचमेंट का दायरा कम हुआ, तो वहीं दूसरी ओर पानी की गुणवत्ता खराब हुई। इंदौर और उदयपुर की तरह राजधानी के पास वेटलैंड सिटी का दर्जा पाने बड़ा तालाब, रामसर साइट्स सहित तमाम खूबियां हैं, लेकिन इसके प्रबंधन में कमी है। अतिक्रमण को वेटलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। एक्सपर्ट के मुताबिक शहर की जैवविविधता को बचाना केवल एजेंसियों के बस की बात नहीं। इसमें आम लोगों को भी साथ आना होगा। रामसर साइट्स और वेटलैंड और शहर के विकास के बीच



तालमेल जरूरी है। बताया जाता है कि रामसर साइट्स का दर्जा देने के लिए अभी जो नियम हैं उसमें कुछ संशोधन हो सकते हैं। इस पर केन्द्रीय स्तर पर बात चल रही है, जो तालाब सरोवर और झील बचाने में मददगार होंगे।

**दोबारा प्रस्ताव के लिए होंगे एकजुट:** दरअसल, राजधानी में वे सभी खासियत हैं जिन्हें पैमाना बनाया गया। ऐसे में इसे खारिज करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भोपाल 23 सालों से भोजवेट लैंड हैं। बायोडायवर्सिटी पूरे शहर को प्रभावित करती है। अप्रवासी पक्षी बड़ी संया में पहुंचते हैं। सभी पर्यावरविद एकजुट हो रहे हैं। उस रिपोर्ट की भी मांग की जाएगी जिसके आधार पर भोपाल का प्रस्ताव खारिज हुआ।

### अब तक भोपाल को क्यों नहीं मिला वेटलैंड सिटी का दर्जा?

इंदौर और उदयपुर यूनेस्को की सूची में वेटलैंड सिटी बन गए। भोपाल का भी प्रस्ताव था लेकिन मंजूरी नहीं हुआ। एप्को के सीनियर साइंटिस्ट लोकेन्द्र ठक्कर के मुताबिक अब तक अधिकारियों रूप से इसकी सूचना नहीं आई। बायोलॉजिकल हम सभी पैमाने पूरे करते हैं। मैकेनिकल प्रबंधन अलग है। दोबारा प्रस्ताव भेजे जाने पर इन्होंने बताया कि कारण जांच रहे हैं।

### बीस हजार पक्षी, 200 प्रजातियां

राजधानी में बड़ा तालाब सहित 18 वेटलैंड हैं। इनमें एक हजार साल पुराने बड़े तालाब प्रमुख हैं। जो शहर के वेटलैंड का प्रमुख हिस्सा है। 3872 हेक्टेयर में यह तालाब फैला हुआ है। भोज वेटलैंड में 20 हजार पक्षी आते जाते हैं। दो सौ से ज्यादा प्रजातियां है। यहां मछलियों की 43, प्रजातियां, 98 तरह के कीट, 10 प्रजाति के सपीसृप हैं।

# निजी स्कूल संचालकों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### स्कूल शिक्षा मंत्री के बंगले पर भी पहुंचे, मंत्री नहीं मिले तो सड़क पर बैठे

मान्यता के लिए रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट सहित अन्य नियमों के विरोध में प्रदेशभर से राजधानी भोपाल में जुटे एमपी बोर्ड से संबंधित निजी स्कूल संचालकों ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी भी की। विभिन्न निजी स्कूल संगठनों के बैनर तले निजी स्कूल संचालक इसके स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के बंगले पर भी पहुंचे। हालांकि यहां स्कूल शिक्षा मंत्री के नहीं मिलने पर नाराज निजी स्कूल संचालक सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी पुलिस भी सुरक्षा के लिहाज यहां मौजूद रहा। हालांकि मंत्री के नहीं मिलने पर निजी स्कूल संचालकों ने स्टाफ को ज्ञापन सौंपा। स्कूल संचालकों का कहना है कि इससे पहले हम सीएम से लेकर शिक्षा मंत्री व अपने-अपने जिलों के विधायकों के सामने इस संबंध में गुहार लगा चुके हैं। निजी स्कूल संगठन के कोषाध्यक्ष मोनू तोमर ने कहा कि कुछ संचालक मुंडन करवाएंगे, तो कुछ सरकार से इच्छा मृत्यु मांगेंगे। प्रदर्शन में भोपाल के अलावा सिवनी, सागर, जबलपुर, टीकमगढ़, बुरहानपुर, इंदौर, बीना से भी संचालक पहुंचे।

**नीलम पार्क में 6 फरवरी को धरना प्रदर्शन की मांगी अनुमति :** 6 फरवरी नीलम पार्क में धरना प्रदर्शन की अनुमति को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मप्र द्वारा पुलिस उपायुक्त भोपाल को पत्र लिखा गया है। संगठन 6 फरवरी को नीलम पार्क में धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदेश के 6 बड़े संगठनों द्वारा इस प्रदर्शन में शामिल होने की संभावना है। प्रदेशभर से करीब 25 हजार लोगों के इस प्रदर्शन में शामिल होने की उम्मीद है। इसमें स्कूल संचालक, स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक, अन्य कर्मचारी गण तथा अभिभावक भी शामिल होंगे।

# भगवत गीता प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार संस्कार



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में इस्कान मंदिर द्वारा आयोजित भगवद् गीता प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 43 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मंगलवार को सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ भी किया गया। एक हजार बच्चों के साथ प्रबंधन समिति के सुशील वासवानी, बसंत चेलानी, चन्दर नागदवे, समाजसेवी विजय वर्मा और कन्हैयालाल मोटवानी ने चालीसा पाठ किया। चेलानी ने कहा कि विद्यालय में हनुमान चालीसा करते हुए लगभग 90 सप्ताह हो गए हैं विद्यालय के सभी बच्चों को हनुमान चालीसा लगभग याद हो गया है अब अर्थ का अनुसरण करना होगा। वासवानी ने कहा कि मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ से आनन्द की अनुभूति होती है। यदि हमारे जीवन में अनायास ही कोई संकट आ जाए तो भगवान हनुमानजी को याद करने से सारे संकट दूर हो जाते है। चालीसा पाठ में प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

# 8 फरवरी को होगा ट्रिपल आईटी भोपाल का तृतीय दीक्षांत समारोह

**भोपाल।** राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी भोपाल 8 फरवरी को तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2024 में उत्तीर्ण हुए छात्रों को संस्थान के द्वारा, बैचलर्स ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बी.टेक की मानक उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। सम्माननीय अतिथि के तौर पर मौलाना आ?ाद राष्टीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक महोदय, प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला एवं ट्रिपल आईटी व?ादरा के निदेशक प्रो. धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। संस्थान के निदेशक एवं समारोह के मुख्य आयोजक, प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि हर विभाग के जीजीपीए के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को गोल्ड एवं सिल्वर पदक प्रदान किया जाएगा। जिस छात्र या छात्रा ने तीनों विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया होगा, उन्हें ओवरऑल गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। संस्थान अपने एलुमनाई को इस इस अवसर पर एक विशेष आई डी कार्ड प्रदान करेगा।

# वसंतोत्सव में मां सरस्वती की पूजा 101 कन्याओं को पाठ्य सामग्री दी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

### गुरूनानक मंडल महिला मोर्चा ने की सुख-समृद्धि की कामना

मां सरस्वती की आराधना के पर्व 'वसंत पंचमी' के अवसर पर गुरुनानक मंडल के महिला मोर्चा द्वारा बाजपेयी नगर सेवा बस्ती में



मां सरस्वती का सामूहिक पूजन किया गया। 101 कन्याओं को शिक्षण सामग्री एवं मां सरस्वती का चित्र भेंट की गई। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि सभी पर मां सरस्वती की कृपा बनी रहे, बेटियां शिक्षित एवं होनहार हो ऐसी कामना कर बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने में लक्ष्य प्राप्ति में मदद करना है। इस अवसर पर सुकांति ठकुरिया, राजकुमारी डागोर, लक्ष्मी महाजन, कुसुम दीदी, मीरा दीदी सहित सेंकड़ो बेटियां उपस्थित थीं।

# जनवरी में सर्वाधिक यात्रियों ने भरी उड़ान, अभी भी है इंटरनेशनल कनेक्टिविटी का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब डेढ़ लाख यात्री संया वाले क्लब में शामिल हो गया है। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से मुकाबले में थोड़ा पीछे भोपाल एयरपोर्ट जनवरी में 1 लाख 51 हजार 39 यात्री संया के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। भोपाल एयरपोर्ट पर जनवरी के महीने में 78170 हवाई यात्रियों ने अलग-अलग शहरों के लिए यात्रा की। इसी प्रकार 72959 यात्रियों ने अलग-अलग शहरों से भोपाल आगमन किया। इसके अलावा जनवरी के महीने में 576 विमान का भोपाल आगमन हुआ। इतनी ही सख्या में भोपाल से विमान की रवानगी हुई।




उल्लेखनीय कि पिछले साल जनवरी 2024 में भोपाल एयरपोर्ट से 1 लाख 19 हजार यात्रियों ने अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरी थी। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि इंडिगो एवं एयर इंडिया द्वारा दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ, प्रयागराज, रायपुर, इंदौर, गोवा जैसे शहरों के लिए डायरेक्ट कनेक्टिविटी दी जा रही है जिससे यात्री संख्याओं में लगातार इजाफा हो रहा है।

**मेट्रो एंकर** बेरोजगारी की भेंट चढ़ते कोर्स, विवि में पढ़ाई, लेकिन नौकरियां नहीं

# पारंपरिक विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में कई कोर्स आउटडेटेड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीयू समेत अन्य पारंपरिक विश्वविद्यालयों में एमए, एमएससी और डिप्लोमा स्तर के कई कोर्स ऐसे हैं, जिनमें या तो नाममात्र के दाखिले हो रहे हैं या फिर जीरो एडमिशन हो रहे हैं। वहीं इंजीनियरिंग और फार्मेसी के कई पीजी कोर्स भी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। नैनो टेक्नोलॉजी, एनर्जी और एनवायरनमेंट जैसे विषयों में मुश्किल से 5-10 एडमिशन हो रहे हैं। वहीं ट्रिपल आईटी, मैनिट जैसे संस्थानों की बात की जाए तो इन संस्थानों में कंपनी की डिमांग के अनुसार न सिर्फ कोर्स में बदलाव किया जाता बल्कि सिलेबस भी उन्हीं के अनुसार तैयार किया जाता है। नतीजतन इन संस्थानों में पढने वाले 85 से 90 प्रतिशत छात्रों को प्लेसमेंट मिलता है। हाईएस्ट पैकेज भी 90 से 85 लाख तक होता है। डिग्री पूरी होते हर छात्रों की पहली उमीद और



सपना एक अच्छी नौकरी पाना होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी शिक्षा का मकसद सिर्फ डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि छात्रों को रोजगार योग्य बनाना भी है। लेकिन प्रदेश के पारंपरिक विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में कई ऐसे कोर्स चल रहे हैं, जो रोजगार दिलाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि कई कोर्स में जीरो एडमिशन हो रहे हैं, फिर भी इन पर लाखों करोड़ो रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस साल राज्यपाल ने ऐसे कोर्स बंद करने के निर्देश दिए थे, जिनमें 10 से कम दाखिले हुए हैं, लेकिन विश्वविद्यालयों ने अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए हैं। पारंपरिक विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जा रहे कोर्स अधिकतर थ्योरी-आधारित हैं। इनमें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और इंडस्ट्री एक्सपोजर की कमी होती है, जिससे छात्र नौकरी के लिए तैयार नहीं हो पाते।

### कंपनियों में नई टेक्नोलॉजी की मांग

अब आइटी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मार्केटिंग और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में ज्यादा नौकरियां हैं। पारंपरिक कोर्स इन विषयों को कवर नहीं करते, जिससे इन डिग्री होल्डर्स को नौकरी नहीं मिल पाती।

## सीएम डॉ. यादव ने नर्मदापुरम से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक की ट्रेन में यात्रा

# इंटरसिटी में सीएम ने यात्रियों से पूछा– कोई असुविधा तो नहीं

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार नर्मदापुरम से भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक ट्रेन में यात्रा की। इस बीच उन्होंने यात्रियों से संवाद किया। पूदा कि ट्रेन में यात्रा करने के दौरान और रेलवे स्टेशनों पर किसी तरह की कोई असुविधा तो नहीं होती। जिस पर यात्रियों ने कहा कि कोई असुविधा नहीं होती, बल्कि पूर्व की तुलना में कई सुधार आए हैं।

### सीएम ने 15 साल पहले अब वर्तमान की सुविधाओं पर पूछा अंतर

सीएम ने इटारसी से विदिशा जा रही महिला यात्री सुषमा देवी से पूछा कि 15 साल पहले और वर्तमान की रेल यात्रा में आए बदलाव पर अपने विचार साझा करें।

तब सुषमा देवी समेत ट्रेन में यात्रा करने वाले कई यात्री कहने लगे कि कई सुधार देखने को मिल रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा पहले से बढ़ गई है।

महिलाएं शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह सुरक्षित है। आरपीएफ की महिला जवान बार–बार आकर उनका हाल जानती हैं। पहले ऐसा नहीं होता था।

### पहले डर लगता था

यात्रियों ने यह भी बताया कि भोपाल से इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन से बीच में ट्रेनें खड़ी नहीं रहती। एक से दूसरे स्टेशन तक पहुंचने में थोड़ा कम समय लग रहा है। पहले ट्रेनें जंगल में खड़ी हो जाती थी, जिसके कारण भय लगता था।



### सीएम ने दी ये सलाह

सीएम ने यात्रियों से कहा कि ट्रेनें लोक परिवहन का सबसे बड़ा और स्थाई साथी है, इनमें स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मैं भी टिकट लेकर ही यात्रा कर रहा हूं, हम सबको इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से संवाद किया। कई बच्चों को टॉफिया दिलाईं। इस दौरान सीएम के साथ यात्रियों ने सेल्फी लीं।

## अभाविप की यात्रा का हुआ नागरिक अभिनंदन समारोह




**भोपाल।** मानवता की अगर कोई रक्षा कर सकता है तो वह केवल भारत है। विकास को यदि अवसर बनाना है तो धर्म और संस्कृति को आधार बनाना पड़ेगा। वास्तुशास्त्र में जैसे ईशान्य कोण का महत्व है वैसे ही भारत के लिए ईशान्य प्रदेश महत्वपूर्ण है। यह बात उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा 'अंतर–राज्य छात्र जीवन दर्शन' प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित 'सील' राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के पूर्वोत्तर भारत से आए प्रतिनिधियों का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सील ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुलकर्णी मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसा संगठन है, जो राष्ट्र को जोड़ने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यात्रा को भारतीय संस्कृति और एकता का परिचायक बताते हुए कहा कि यह पहल भारत को एक राष्ट्र, एक जन, एक संस्कृति के सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है।

## राज्य आनंद संस्थान और मैनिट के बीच हुआ एमओयू

### सहयोगी के रूप में कार्य कर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करेंगे

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राज्य आनंद संस्थान और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच मैनिट परिसर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (समझौता ज्ञापन) किया गया। एमओयू के तहत दोनों पक्ष तीन वर्षों तक एक-दूसरे के सहयोगी के रूप में कार्य कर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करेंगे। दोनों संस्थान एक दूसरे के सहयोगी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावों के अनुरूप विद्यार्थियों में मानवीय मूल्य संवर्धन के लिए अध्ययन/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेंगे। दोनों पक्षों के प्राध्यापक/कर्मचारियों/विद्यार्थियों का क्षमतावर्धन कर उनके माध्यम से अपनी-अपनी योजनाओं की पहुँच समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को नैतिकता, आत्म-चिंतन एवं सकारात्मक मानसिकता के विकास के लिये प्रशिक्षण एवं यथासंभव आवश्यक सहयोग प्रदान करने, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को स्वयंसेवी पहल के लिये एक सहयोग मंच प्रदान कर आनंद एवं इससे जु? कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ज्ञान और संसाधन के प्रसार के लिये अन्य दीर्घकालिक मार्ग की खोज तथा सहयोग के बिन्दुओं को तलाशकर साझा रणनीति क्रियान्वयन का कार्य करेंगे। एमओयू अनुसार राज्य आनंद संस्थान, मैनिट के प्राध्यापकों के लिये प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आनंद संस्थान संकाय विकास कार्यक्रम भी आयोजित करेगा ताकि प्राध्यापकों को स्वतंत्र रूप से सत्र का संचालन करने के लिये प्रशिक्षित किया जा सके।

## पोषण आहार सप्लाई में 110 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप

**भोपाल।** कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पोषण आहार योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन के तहत 88119 केंद्र में 1 करोड़ 9 लाख बच्चे रजिस्टर्ड हैं। सीएजी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मध्यान भोजन योजना के तहत वर्ष 2024–25 के लिए इन बच्चों को 2190 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वहीं प्रदेश में 453 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 84465 आंगनबाड़ी केंद्र और 12670 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिसमें 80 लाख हितग्राही बच्चों को पोषण आहार देने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है, योजना में 50 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। यानि 12 रू. प्रति बच्चें मप्र सरकार द्वारा दिया जाता है, जिसे बढ़ाकर 18 रू. का प्रस्ताव सरकार ने दिया है, लेकिन कोई दिखाई देने वाली कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं की गई। नायक ने कहा कि जो बच्चे स्कूल नहीं जाते, या जिनकी मौत हो गई, उनके नाम का राशन भी सरकार द्वारा निकाला जा रहा है। मध्यान्ह भोजन शुरूआते में आकर्षण का केंद्र था, लेकिन धीरे–धीरे यह योजना बच्चों के लिए कोई बड़ा आकर्षण नहीं रहीं नायक ने बताया कि सीएजी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है।



## संपादकीय

# मुद्दे पर गंभीरता की परीक्षा

इ देश का बहुत छोटा राज्य है दिल्ली, लेकिन इसकी सियासी अहमियत अन्य कई राज्यों से ज्यादा बडी है। इसीलिए दिल्ली राज्य की सत्ता पर काबिज होने की जंग में कई कोण जुडते रहे हैं। इस बार दिल्ली के विस चुनाव प्रचार में यमुना की सफाई मुद्दा बनी। यह बहुत स्वागतयोग्य होता यदि इस पर स्वस्थ बहस होती। ताकि लोगों को लगता कि बुनियादी चीजों पर दलों का ध्यान तो गया। दिल्ली में इस वक्त आम आदमी पार्टी सत्तारूढ और केंद्र में भाजपा की सरकार है। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि यहां कम से कम बुनियादी जरूरतों के मसले पर सरकारी तंत्र इतना सजग होगा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कोई समस्या नहीं बनेगी। मगर दिल्ली मं कई बार पानी की गुणवत्ता इस स्तर की पाई जाती है कि उसे पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है। इस बार चुनाव नजदीक आने के साथ ही सभी राजनीतिक दल यमुना के पानी के प्रदूषित होने, इसकी वजह से पेयजल की स्वच्छता प्रभावित होने और उसके जोखिम को मुद्दा बनाने लगे। जिन राज्यों से यमुना गुजरती है, उनके अपने तर्क हैं। मगर किसी के लिए यह सवाल महत्त्वपूर्ण नहीं है कि इतने लंबे वक्त और अरबों खर्च किए जाने के बावजूद यमुना में अमोनिया का स्तर चिंताजनक क्यों हो जाता है, इसका पानी नहाने तक के लिए सुरक्षित क्यों नहीं बन सका। इसलिए यदि यमुना सिर्फ एक चुनावी मुद्दा ही बनी रही तो इस मसले पर जताई जाने वाली चिंताओं के प्रति राजनीतिक पार्टियों की इच्छा शक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह एक बार फिर यमुना के पानी के प्रदूषित होने और इससे लोगों के सामने पैदा खतरे का मुद्दा और उस पर विवाद उठा है, वह नई बात नहीं है। गौरतलब है कि यमुना दिल्ली में हरियाणा से होकर आती है और दिल्ली में पीने के पानी का एक बड़ा स्रोत है।कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। हरियाणा में भाजपा सरकार है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह आरोप एक विवाद का विषय बनता और ऐसा हुआ भी। चुनाव आयोग ने भी इस मसले पर अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगा। जाहिर है, दिल्ली के बाशिंदों के लिए जिन अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बात होनी थी, वहां अब फिलहाल बहस इस बात पर है कि इस मामले में कौन पक्ष सच बोल रहा। लेकि विडंबना यह है कि जैसे ही चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाती है, सरकार बन जाती है, तब सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है। यमुना का पानी दूषित होने के कारण जगजाहिर रहे हैं। जो पार्टियां चुनाव प्रचार के दौरान यमुना की सफाई और उसे एक स्वच्छ नदी बनाने के वादे करती हैं, बाद में उनके लिए यह सवाल गौण हो जाता है। सरकार इस नदी की सफाई के लिए आए दिन अपना सरोकार जताती है, उस पर धन खर्च किया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि बीते कई दशक से यमुना सिर्फ एक चुनावी मुद्दा बन कर रह जाती है और बाकी समय दिल्ली के लोग आमतौर पर पीने के साफ पानी को लेकर हर वक्त एक आशंका से गुजरते रहते हैं। बहरहाल, आज दिल्ली में नई सरकार के लिये वोटिंग हो रही है। तीन दिन बाद नतीजे भी आ जायेंगे लेकिन यह बुनियादी जरूरतों पर नई सरकार यदि वाकई गंभीर होगी तभी यह चुनाव में उठे मुद्दे की सार्थकता होगी।

**जिस मनुष्य में लोभ है, उसे दूसरे दुर्गुणों की क्या आवश्यकता है।**

**- भतृहरि**

## आज का इतिहास

- 1679 - जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1783 - इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये।
- 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ।
- 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया।
- 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरीचौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी।
- 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ।
- 1931 - मैक्सिने डनलप पहली ग्लाइडर पायलट बनी।
- 1961 - ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफ के पहले संस्करण का प्रकाशन हुआ।
- 1970 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1994 - सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे।
- 2004 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने परमाणु प्रौद्योगिकी के ग़लत इस्तेमाल के मामले में परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान को माफी दी।
- 2006 - ईरान ने यूरेनियम संवर्धन शुरू किया।
- 2007 - भारतीय मूल की सुनीता अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।
- 2008 -पंजाब में पटियाला की विशेष अदालत ने कंधार विमान अपहरण मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई।
- 2009 - मायावती ने प्रदेश के 5 महानगरों लखनऊ, फ़ैज़ाबाद, अयोध्या, कानपुर, इलाहाबाद, बिठूर, और मेरठ में 5056 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

## निशाना

### जाना देने वोट !



-कृष्णेन्द्र राय

सोच समझकर खुले मन से ।
जाना देने वोट ।।
ना बोलना बाद में ।
मिला फिर से चोट ।।
बिजली पानी हवा पर ।
है बनती सरकार ।।
मुफ्त की मलाई भी ।
नजरें रहीं निहार ।।
आ गया वो दिन ।
है किसको अपनाना ।।
सही रहा ना निर्णय ।
है पड़ता पछताना ।।
आपके ही हाथ में ।
आपका अधिकार ।।
तय करने की बारी ।
हो कैसी सरकार ।।

# अंतरिक्ष में सुनहरी कामयाबी की सौवीं उड़ान

■ मुकुल व्यास

भारत ने नए साल का शानदार आगाज करते हुए अंतरिक्ष में दो बड़े कीर्तिमान कायम कर दिए हैं। सबसे पहले इसरो ने 16 जनवरी को अंतरिक्ष में पहली बार दो यानों को सफलतापूर्वक जोड़ कर एक नया इतिहास रचा और इसके कुछ ही दिन बाद 29 जनवरी को उसने अपने ऐतिहासिक 100वें रॉकेट प्रक्षेपण के जरिए अपने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन (नौचालन) उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। भारत को लंबे समय से अंतरिक्ष में अपने यानों की डॉकिंग का इंतजार था। सटीक गणनाओं और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से हासिल की गई यह उपलब्धि अंतरग्रहीय मिशनों और उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करती है।इसरो ने सीमित संसाधनों के साथ काम करने के बावजूद एक अत्यधिक परिष्कृत कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। डॉकिंग के लिए दो उपग्रहों के बीच सही मिलान की आवश्यकता होती है, और इसमें अविश्वसनीय रूप से जटिल गणनाएं शामिल होती हैं। यह ऐसा काम नहीं है जो हर देश कर सकता है, लेकिन भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया के समक्ष अपनी योग्यता साबित कर दी है।

भविष्य में भारत की अंतरिक्ष में बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। भारत अंतरिक्ष में अपना स्थायी स्टेशन स्थापित करना चाहता है। अन्य बड़े लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना और वहां मानव भेजना शामिल है। डॉकिंग की तकनीक इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पूरे देश और इसरो के वैज्ञानिकों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि भारत अंतरिक्ष में यान को डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) मिशन इसरो की एक महत्वपूर्ण परियोजना है।इसरो के स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया था। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो अंतरिक्ष यानों को 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। एक ही रॉकेट पर प्रक्षेपित किए गए दो अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में अलग हो गए। इसरो के डॉकिंग परीक्षण के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में इसरो कार्यालय में उपस्थित थे। सफल डॉकिंग के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।' स्पैडेक्स मिशन पर भेजे गए दो छोटे अंतरिक्ष यानों को एसडीएक्स 01 या चेज़र और एसडीएक्स 02 या टारगेट कहा जाता है। लांच के बाद दोनों यान सावधानीपूर्वक चुनी गई गति से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहे थे। उन्हें एक साथ अंतरिक्ष में भेजा गया था। लेकिन अलग होने के समय उन्हें अलग-अलग वेग पर रखा गया था ताकि वे अपने बीच 10-20 किलोमीटर की दूरी बना सकें। डॉकिंग के दौरान वैज्ञानिकों ने यानों की दूरी को कम करने के उपाय किए ताकि वे आपस में मिल सकें। स्पैडेक्स के लांच होने के समय एस. सोमनाथ इसरो प्रमुख थे और कुछ दिन पहले अपनी सेवानिवृत्ति तक इसकी प्रगति की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने डॉकिंग को 'एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया' के रूप में वर्णित किया था, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता और समन्वय की आवश्यकता होती है।

**इसरो के अनुसार एनएवीआईसी भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत तथा भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति (पोजीशन), वेग (वैलोसिटी) तथा समय (टाइमिंग) सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।**



आने वाले दिनों में दोनों यानों की अनडॉकिंग (अलग होने) और उनके बीच पावर ट्रांसफर का परीक्षण किया जाएगा। चेजर यान से टारगेट यान में बिजली का हस्तांतरण एक बहुत महत्वपूर्ण प्रयोग है। इसकी सफलता से यह प्रदर्शित किया जा सकेगा कि अंतरिक्ष में तैनात अंतरिक्ष यान की आपूर्ति और सर्विस के लिए दूसरे यान को भेजा जा सकता है। यह मिशन अंतर-उपग्रह संचार के लिए भारत की क्षमताओं का भी परीक्षण करेगा क्योंकि डॉकिंग और अनडॉकिंग के दौरान अंतरिक्ष यान को पृथ्वी स्टेशन के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ भी संवाद करना होगा ताकि वे एक-दूसरे की स्थिति और गति जान सकें। अंतरिक्ष यान में वैज्ञानिक उपकरण और कैमरे भी हैं जिन्हें बाद में तैनात किया जाएगा। अगले दो वर्षों में वे अंतरिक्ष में विकिरण को मापेंगे और पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी करेंगे।

इसरो अपने मिशनों को किफायती बनाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वह तीन महीने तक कक्षा में कुछ महत्वपूर्ण प्रयोग करने के लिए स्पेसडेक्स को अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट के एक हिस्से का भी उपयोग कर रहा है जो सामान्य परिस्थितियों में अंतरिक्ष मलबा बन जाता है।

पोयम (पीएस4-ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल) में 24 पेलोड है और यह पहले ही दो सफल प्रयोग कर चुका है। पहले प्रयोग में उसने बीज अंकुरण का प्रदर्शन किया। इसरो ने एक वीडियो ट्वीट किया था जिसमें कहा गया था कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अंतरिक्ष में लोबिया के अंकुरों ने अपने पहले पत्ते प्रकट कर दिए हैं। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष यान में अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता जैसी स्थिति है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बीजों का अंकुरण बहुत अच्छी खबर है क्योंकि इसका मतलब है कि भविष्य के अंतरिक्ष यात्री लंबी अवधि के मिशनों के दौरान भोजन का उत्पादन कर सकते हैं।दूसरे प्रयोग में रोबोटिक भुजा शामिल है। यह रॉकेट के सबसे महत्वपूर्ण पेलोड में से एक है। इसरो के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो में रोबोटिक भुजा को अंतरिक्ष मलबे के एक टुकड़े को पकड़ने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। यह भुजा अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि इसका उपयोग चीजों को पकड़ने और उन्हें सही जगह पर रखने के लिए किया जा सकता है। यह रोबोटिक भुजा चंद्रयान-4 में भी काम आएगी जो भारत का अगला चंद्रमा मिशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य चंद्रमा की मिट्टी के नमूने एकत्र करना और उन्हें वापस लाना है।

डॉकिंग के बाद भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि इसरो की 100वीं रॉकेट उड़ान के रूप में सामने आई जब उसके शक्तिशाली जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। इसरो ने श्रीहरिकोटा से अपने प्रक्षेपण में जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच वीकल (जीएसएलवी) का इस्तेमाल किया। एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 19 मिनट बाद रॉकेट ने एनवीएस-02 को 322.93 किमी की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने छह पीढ़ी के रॉकेट प्रक्षेपित किए हैं। इन प्रक्षेपणों के माध्यम से 433 विदेशी उपग्रहों के 23 टन सहित कुल 120 टन वजन वाले 548 उपग्रह स्थापित किए गए हैं। एनवीएस-02, एनवीएस (नेविगेशनल सैटेलाइट) शृंखला का दूसरा उपग्रह है। यह भारत के नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (एनएवीआईसी) का हिस्सा है। इसरो के अनुसार एनएवीआईसी भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत तथा भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति (पोजीशन) वेग (वैलोसिटी) तथा समय (टाइमिंग) सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो इसका प्राथमिक सेवा क्षेत्र है।

**(साभार : लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।)**

# श्रद्धालुओं के सैलाब ने महाकुंभ प्रबंधन को दिए कई सबक

■ केपी सिंह

प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना चिन्ता का विषय है। 'मौनी अमावस्या' के अवसर पर संगम क्षेत्र में अमृत-स्नान करने के लिए आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए। लोगों की आस्था और विश्वास की डोर इतनी मजबूत है कि हर कोई 144 वर्षों के बाद आए इस ऐतिहासिक क्षण पर संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता था। यह दुर्घटना अखाड़ों के अमृत स्नान से पहले सुबह लगभग 1 बजे हुई, जब कुछ तीर्थयात्री पारम्परिक अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के मार्ग को चिह्नित करने वाली रुकावटों को पार करने का प्रयास करने लग गए थे। यह संतोष की बात है कि पुलिस हरकत में आई और तुरन्त सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई।

धार्मिक समागमों के दौरान भगदड़ हो जाना एक सामान्य बात हो गई है। प्रशासक शुरुआती झटकों के बाद इन्हें भूल जाते हैं। जनवरी, 2025 में आंध्र प्रदेश के एक प्रमुख मंदिर में मुफ्त दर्शन पास पाने की कोशिश में मची भगदड़ में 6 भक्तों की मौत हो गई। अपने धार्मिक गुरु की करीब से झलक पाने की चाहत में उ.प्र. के हाथरस में 121 लोगों की जान चली गई थी। नवम्बर, 2023 में नवरात्रि समारोह के दौरान मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मन्दिर में भगदड़ में 115 तीर्थयात्रियों ने जान गंवाई थी। फरवरी, 2013 में उ.प्र. के कुम्भ मेले में एक और भगदड़ हुई थी, जिसमें 36 भक्तों की जान गई। उ.प्र. में एक मन्दिर में मुफ्त भोजन और कपड़े पाने के लिए धक्का-मुक्की में 63 लोग कुप्रबंधन के कारण मारे गए थे। सितम्बर, 2008 में हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मन्दिर में भू-स्खलन की अफवाह के चलते मची भगदड़ में 145 श्रद्धालु मारे गए थे। जनवरी, 2005 में महाराष्ट्र के मंदारदेवी मन्दिर में फिसलन भरी सीढ़ियों के कारण 265 लोगों की मृत्यु हुई थी। ऐसी सूची अंतहीन है।



**निस्संदेह, प्रयागराज महाकुंभ का हादसा राज्य एजेंसियों को एक चेतावनी है कि वे पिछली गलतियों से सबक लें और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कामकाज में सुधार करें। साथ ही श्रद्धालुओं को जागरूक व अनुशासित करने के भी प्रयास हों।**

ऐसी मानवीय त्रासदियों की पुनरावृत्ति दर्शाती है कि व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त सबक नहीं सीखती है। फिर भी तथ्य है कि भीड़ में भगदड़ के मूल में कहीं न कहीं लोगों में व्याप्त अनुशासनहीनता ही होती है। व्यवस्था का कुप्रबंधन त्रासदी को और बढ़ा देता है। विडंबना यही है कि न तो भीड़ अनुशासन का पाठ सीखती है और न ही व्यवस्था पिछली घटनाओं से पर्याप्त सबक लेती है।

आयोजन से पहले भीड़ का आकलन और पूरे महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के दैनिक आगमन की निगरानी महत्वपूर्ण है। संगम क्षेत्र में तीर्थयात्रियों के प्रवेश को उनके लिए उपलब्ध वास्तविक स्थान को ध्यान में रखते हुए विनियमित किया जाना चाहिए था। श्रद्धालुओं की संख्या में चमत्कारी आंकड़े के लोभ में व्यवस्था ऐसा करने में चूकी। सभी राज्यों की पुलिस एजेंसियों के साथ समन्वय करके एक तंत्र होना चाहिए था, जिससे प्रतिदिन श्रद्धालुओं के आवागमन की संख्या का पूर्वानुमान लग सके। त्रासदी के बाद प्रयागराज में लोगों को ले जाने वाली रेलों और बसों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंधों को यदि भीड़ के पूरी क्षमता तक पहुंचने से बहुत पहले ही लगा दिया जाता तो दुर्घटना से बचा जा सकता था। कई श्रद्धालु सबसे पहले स्नान करने की चाह में और कई अन्य पवित्र स्नान करने के बाद भी क्षेत्र में जमे रहे। कुछ लोग तो कई दिनों तक संगम की रेती पर बैठे रहे, जिससे अधिक भीड़भाड़ हो गई। जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को संगम क्षेत्र में प्रवास को सीमित करने और स्थान खाली करने के लिए परामर्श प्रसारित कर इसे रोका जा सकता था। यह सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा बल की तैनाती होनी चाहिए थी कि संगम क्षेत्र में घूमने-स्नान करने वाले क्षेत्रों में भीड़भाड़ न हो।

सभी प्रवेश बिंदुओं पर अस्थाई रूप से भीड़ को रोकने तथा स्नान-घाटों पर उपलब्ध स्थान के अनुसार उन्हें समूहों में छोड़ने के लिए 'होल्डिंग एरिया' की योजना बनाना हमेशा उचित होता है। इस प्रकार के 'होल्डिंग एरिया' मुख्य आयोजन-स्थल से काफी दूर हों। संगम क्षेत्र से तीर्थयात्रियों के शीघ्र निकास के लिए जलमार्ग की योजना भी बनाई जा सकती थी। यातायात-जाम से बचने के लिए प्रवेश तथा निकास मार्ग अलग-अलग होने चाहिए। बेहतर होता यदि स्नान के लिए क्षेत्रवार दिन तय करके लोगों को सूचित कर दिया जाता। स्नान क्षेत्र की लम्बाई-चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है। अन्यथा भी, भगदड़ के बाद, प्रयागराज क्षेत्र में, जहां भी अवसर मिले, पवित्र गंगा में डुबकी लगाने की सलाह देकर ऐसा किया गया। पुलिस जनों की शिफ्टवार ड्यूटी सुनिश्चित कर उन्हें उचित आराम करने का मौका देना जरूरी है। कहा गया है कि जब रात में दुर्घटना हुई तो पर्याप्त पुलिस-बल न था, शायद पुलिस लम्बी ड्यूटी के लिए तैयारी कर रही थी।

जब किसी खास दिन इतनी बड़ी भीड़ होती है, तो अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए विशेष मार्ग बनाना और उसकी सुरक्षा करना बहुत मुश्किल होता है। अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरे की योजना ऐसे दिन बनाना उचित है, जब तुलनात्मक रूप से कम श्रद्धालु हों। अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए उपयुक्त क्षेत्र और समय पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। खराब गुणवत्ता वाली बैरिकेडिंग की तुलना में कोई बैरिकेडिंग न होना बेहतर होता है, क्योंकि इससे सुरक्षा का छद्म आभास होता है।

महाकुम्भ में भगदड़ राज्य एजेंसियों को एक और चेतावनी है कि उन्हें अपनी पिछली गलतियों से सबक लेना चाहिए और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कामकाज में सुधार करना चाहिए। कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया ही जाना चाहिए।

**(साभार : लेखक हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक हैं।)**

# विश्व कैंसर दिवस पर कार्यशाला, आमजन को घातक बीमारी से किया जागरूक

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 'बचाओ ही कैंसर का इलाज है' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा कहा कि इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड वाय यूनीक' है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से ही नहीं जीता जा सकता, बल्कि यह एक लड़ाई है, इसे जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक करके, इस कैंसर जैसी घातक बीमारी को खत्म किया जा सकता है। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने कैंसर रोग एवं उसके बचाव के उपाय बताएं एवं बताया की फायबरयुक्त आहार ले, नियमित रूप से अपने शरीर की जाँच, नियमित व्यायाम करें, तनाव मुक्त रहे जिससे अपनी दिनचर्या स्वास्थ्य बनी रहे।




रविंद्र चौरसिया ने कैंसर के विभिन्न लक्षणों से अवगत कराया तथा बताया कि विश्व को कैंसर मुक्त करने के लिए आप भी कदम बढ़ाये और खुद तथा अपने परिवार एवं समाज को तंबाकू, सिगरेट, शराब आदि से दूर रहने की सलाह दें। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय आर्य ने बताया कि शरीर में होने वाली कोशिकाओं की असामान्य वृद्धी को कैंसर कहते हैं। हमारे शरीर में कोशिकाओं का लगातार विभाजन होना एक सामान्य प्रक्रिया है, जिस पर शरीर का पूरा नियंत्रण रहता है। लेकिन जब किसी विशेष अंग की कोशिकाओं पर शरीर का नियंत्रण नहीं रहता है तो वे असामान्य रूप से बढ़ने लगती है और ट्यूमर का रूप ले लेती है। डॉ. शिरीष परसाई ने कहां की कैंसर पीड़ित व्यक्ति अपनी इच्छा शक्ति के जरिए इस जानलेवा बीमारी से जीत सकता है। डॉ. शिखा गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में श्रीमती मंजरी अवस्थी, स्नेहांशु सिंह, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. संजय आर्य, डॉ. हर्षा शर्मा. डॉ. मुकेश बिस्ट, डॉ. शिरीश परसाई, डॉ. नेहा सिकरवार, डॉ. शिखा गुप्ता, हेमंत गोहिया, करिश्मा कश्यप, कु. क्षमा वर्मा, शोभा मीणा तथा छात्राएं उपस्थित रही।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया मां नर्मदा का अभिषेक

# उत्साह उमंग व भक्तिभाव से मना नर्मदा जन्मोत्सव

**नर्मदापुरम में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की**





**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश की जीवन रेखा प्रतित पावनी मां नर्मदा का प्रकटोत्सव श्रद्धा भक्ति उमंग और हर्षोल्लास से मनाया गया । मंगलवार की शाम को सेठानी घाट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की उपस्थिति में नर्मदा जयंती कार्यक्रम के तहत मां नर्मदा का अभिषेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की. मुख्यमंत्री के साथ जलमंच पर विधायक सांसद और जनप्रतिनिधि की उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 104.72 करोड़ के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। जिसमें 29.96 करोड़ के 24 कार्यों का भूमि पूजन किया एवं 74.76 करोड के 06 कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक का दीप दान किया गया। समूचा नर्मदांचल माँ नर्मदा की आस्था और श्रद्धा में डूबा रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उक्त दृश्य को देखकर कहा कि माॅ नर्मदा की पावन पुनीत भूमि पर आने के लिए देवता भी तरसते है। समूचा अंचल इंद्र की सभा की तरह लग रहा है। ऐसा आनंद देव लोक में ही संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा की आशीर्वाद प्रदेश के साथ है। म.प्र. नदियों का मायका है। यहां से मां नर्मदा एवं अन्य नदियां निकलती है। मनुष्य एवं देवता भी यहां अपना क्षण बिताने को अपना सौभाग्य मानते हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले का व्यापक रूप से विकास किया जाएगा। नर्मदापुरम को भोपाल एवं इंदौर की टक्कर का शहर बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी। मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नर्मदापुरम में हेलीकॉप्टर से आए थे लेकिन इंटरसिटी ट्रेन से वापस भोपाल लौटे।

सेठानी घाट पर रात को निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति के अलावा कशिश सीतलानी एवं उनके साथियों द्वारा कथा नर्मदा की नृत्य नाटिका प्रदर्शित की गई.नर्मदा जयंती के अवसर पर सेठानी घाट सहित शहर के सभी घाटों को विद्युत साज सज्जा से सजाया गया। नर्मदा जल में लाखों की संख्या में दिये प्रवाहित किए गए जो पूरे जल में चहुंओर प्रकाशवान होकर झिलमिला रहे थे. नागरिकों ने दीपदान कर नर्मदा महोत्सव मनाया। श्रद्धालुओं द्वारा आटे के दीपक बनाकर शहर के परमहंस घाट विवेकानंद घाट , सेठानी घाट, कोरी घाट, गोंदरी घाट आदि घाटों पर इन्हें निशुल्क बांटा गया.

नर्मदा जयंती के अवसर पर लेजर शो का आयोजन किया गया साथ ही आकर्षक आतिशबाजी की गई. भक्ति मय वातावरण में नर्मदाष्टक ,आरती, मंत्र जाप की गूंज चारों ओर सुनाई दे रही थी.

नर्मदा जयंती के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल तैनात था। होमगार्ड के जवान भी हर जगह तैनात थे.लाइफ जैकेट, गोताखोर , एसडीआरएफ की टीम भी मौजूद रही। वहीं पायलट, पेट्रोलिंग वोट भी घाटों पर और नर्मदा में घूमती रही । यातायात की व्यवस्था भी चाक चौबंद की गई। घाट और आसपास वाहनों को रोककर उचित स्थान पर पार्किंग बनाई गई ।

कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर मोबाइल नेटवर्क की बेहतर कनेक्टीविटी के लिए नेटवर्क बूस्टर स्थपित किये गए।

## श्री भैरव बाबा दरबार में कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माघ माह की बड़ी छठ के पावन अवसर पर श्री कालसेन भैरव बाबा दरबार गांधी चौक पर सुबह विशेष पूजन अभिषेक भगवान सत्यनारायण व्रत कथा दोपहर में बाबा की महा आरती उपरांत कन्या भोज प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया इस अवसर पर दूर-दूर से आए भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया। मंदिर के व्यवस्थापक दीपक तिवारी ने बताया कि भैरव बाबा का स्थान 442 साल पुराना है सभी भक्तों की मनोकामना बाबा पूरी करते हैं और बाबा की सेवा पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी के द्वारा की जाती है।

## बसों में सवारियों को बांटे पंपलेट साइबर संबंधी दी जानकारी



**गंजबासौदा।** साइबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक जन जागरूकता अभियान के तहत देहात बासौदा पुलिस द्वारा बसों में जा रही सवारियों को पैंपलेट वितरण एवं साइबर के संबंध में जागरूक कार्यक्रम किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना बासौदा देहात निरीक्षक हरिकिशन लोहिया एवं सउपनिरीक्षक केसरी प्रसाद शर्मा, सहायक उप निरीक्षक अजय रघुवंशी, आरक्षक ध्रुव, आरक्षक अनिल, आरक्षक नीरेश एवं थाने का अन्य स्टाफ द्वारा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान हेतु तिरंगा चौराहे पर विभिन्न क्षेत्रों में जा रही बसों में बैठी हुई सवारियों को साइबर संबंधी जानकारी दी गई एवं पैंपलेट वितरण के साथ बिंदु बार वर्तमान में किस तरीके के फ्रॉड चल रहे हैं उनके बारे में साइबर सुरक्षा संबंधी एवं अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सभी का सहयोग रहे एवं अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता अभियान की जानकारी पहुंच सके जिससे लोगों के साथ साइबर अपराध घटित ना हो सके। साइबर फ्रॉड के बचाव आदि की जानकारी दी गई पंपलेट आदि को व्हाट्सएप ग्रुप एवं स्टेटस पर लगाने हेतु समझाइस दी गई।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम

# धूमधाम से निकाली बारात 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**■ नव दांपत्य जोड़ों को सामग्री के साथ नगदी राशि भेंट की गई**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत द्वारा नर्मदापुरम मंडी प्रांगण में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 39 नव दंपतियों के जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के उपरांत प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपये की सामग्री प्रदान की गई, इसके साथ ही आयोजन समिति को प्रति जोड़े ए 6 हजार रुपये का की राशि भी दी गई। इस दौरान धूमधाम से विवाह हेतु आए सभी वरों की बारात भी निकाली गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम में कुल 39 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

## दो वर्ष के लिए नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ की कार्यकारिणी गठित

# प्रसन्न मधुकर राव हर्णे सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त



**नर्मदापुरम।** नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ विधान के अनुसार आगामी दो वर्षो के कार्यकाल को लेकर स्थानीय नेहरू पार्क में नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ नर्मदापुरम मध्य प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया. इस अवसर पर बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष दाताराम सगर, जिला कोषाध्यक्ष सुनील चौहान के मुख्य आतिथ्य में नगरपालिका की कार्यकारिणी में सदस्यगण मनोनीत किए गए. डा. अतुल सेठा को संरक्षक, प्रसन्न मधुकर राव हर्णे को अध्यक्ष, महेश वर्मा को पुनः कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधि सलाहकार प्रशांत मधुकर राव हर्णे, पवन सीताशरण पांडे, वरिष्ठ वार्ताकार सदस्य परसुराम सूर्यवंशी, ओमप्रकाश रावत, गौवर्धन कांसकार, मुकेश नागर, मनोहर सराठे, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, सुनील अवस्थी, दाताराम सगर, कैलाश कनोजिया, महामंत्री दिलावर बेग, संयुक्त महामंत्री मूर्ती सिंह राजपूत, मंत्री भागीरथ वर्मा, विशाल पतंगें, वीरेंद्र तिलोटिया, मनीष स्वामी, कोषाध्यक्ष अनंत सिंह राजपूत, सह कोषाध्यक्ष हरीश गौस्वामी, शैलेन्द्र साहू, सुरेश संतौरे, राकेश तिवारी, कार्यालय मंत्री सुखदेव भार्गव, सदस्यगण भगवान दास साहू, राजकुमार नंदमेर, अजाबराव वासनकर, मुकेश कदम, राजेश दीवान, सरदार सिंह, चन्द्रपाल सिंह जाट, अशोक कहार, शिवाजी कांटे, पर्वतपाल, रविन्द्र सूर्यवंशी, योगेश परसाई, भुवन मेहता, अमन मिश्रा, प्रेमदास यादव, अशोक चौरे, कुंजीलाल मासतकर, कमलेश श्रोती, सुभाष परसाई, चन्द्रशेखर यादव, रविशंकर यादव, श्याम सराठे, पूरनलाल यादव, नेमीचंद कहार, कन्हैयालाल वर्मा, दुर्गेश सोनिया, जीतेन्द्र चन्द्रबेल, रविशंकर संतौरे, श्रीमती माया श्रीवास्तव, श्रीमती जयश्री नामदेव, श्रीमती सतीबाई, श्रीमती लक्ष्मीबाई, श्रीमती रामकली बाई शामिल हैं।

# टाइगर रिजर्व में बढ़ेंगे बाघ, रिजॉर्ट होटल होंगे तैयार, बफर जोन ओपन करने की भी तैयारी





**■ पर्यटन विकास निगम ने काम किया शुरू -देश के 8वें सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में नए साल में मिलेगी नई सौगातें**



**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

देश के 8वें और प्रदेश के सबसे सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लिए साल 2025 खास रहने की उम्मीद है। यहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग के साथ पर्यटन विकास निगम ने तो काम शुरू कर ही दिया है। इसके साथ यहां देश के बड़े-बड़े बिजनेसमैन भी रिजॉर्ट, होटल आदि के लिए जमीन तलाश रहे हैं। इसमें ओबेराय, ताज जैसे देश के बड़े होटल ग्रुप के अलावा जबलपुर, भोपाल, इंदौर के साथ महानगर दिल्ली-मुंबई के उद्योगपति भी शामिल हैं। वहीं सबसे अच्छी बात यह है कि इस साल टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में इजाफा होना भी तय माना जा रहा है टाइगर रिजर्व प्रबंधन पर्यटन को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। यहां अब सैलानियों के लिए बफर जोन ओपन करने की तैयारी है। बफर जोन ओपन होने के बाद सैलानी बारिश के दौरान जंगल के प्राकृतिक नजारों के साथ अन्य वन्यजीवों की अठखेलियों का भी लुफ्त उठा सकेंगे। वन विभाग के अनुसार कुल 2339 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में से 1414 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बाघों का मूवमेंट है उसे कोर एरिया घोषित किया गया है, इसके अलावा बाकी 925 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र बफर जोन है तीन जिलों दमोह सागर व नरसिंहपुर तक 2339 वर्ग किलोमीटर में फैला वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का 8वां सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। यहां बाघों के लिए 1414 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र संरक्षित कर कोर एरिया घोषित किया गया है। अच्छी बात यह है कि यहां बाघों का कुनबा जितनी तेजी से बढ़ा है, उतना शायद ही कहीं ओर बढ़ा हो। 2018 में एक बाघ व एक बाघिन को छोड़ा गया था और पिछले 6 साल में इनकी संख्या बढ़कर 23 हो गई है, यानी यहां 6 साल में 11 गुना बाघ बढ़े हैं। वहीं नए साल-2025 में बाघों की संख्या बढ़ना भी तय माना जा रहा है।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहले भेड़ियों के गढ़ में रूप में पहचाना जाता था। वन विभाग के अनुसार यहां टाइगर की संख्या तो लगातार बढ़ ही रही है, लेकिन यह प्राकृतिक रूप से भेडियों का गढ़ माना जाता है

### फैक्ट फाइल

(1) 03 जिलों में फैला टाइगर रिजर्व
(2) 2339 वर्ग किलोमीटर कुल क्षेत्र
(3) 1414 वर्ग किलोमीटर टाइगर रिजर्व में कोर क्षेत्र
(4) 925 वर्ग किलोमीटर बफर जोन
(5) 23 हुई बाघों की संख्या
(6) 96 गांव होने हैं विस्थापित
(7) 33 गांव हो चुके विस्थापित
(8) 12 नए गांव का तैयार किया है प्रस्ताव
(9) 546 करोड़ रुपए की डिमांड भेजी

### पर्यटन को गति मिलेगी

टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या के बाद करीब डेढ़ साल पहले टाइगर रिजर्व बन चुका है वन अमले ने करीब 3 साल पहले यहां पर सफारी भी शुरू करा दी थी, लेकिन यहां आने वाले पर्यटकों को सबसे बड़ी समस्या रुकने और खान-पान की थी। क्षेत्र में रिजॉर्ट तैयार होने के बाद यह दावा किया जा रहा है कि इससे टाइगर रिजर्व में पर्यटन को गति मिलेगी, ठहरने के साथ खाने-पीने की बेहतर व्यवस्था होने से स्थानीय के साथ बाहरी पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होगा

### इनका कहना

नया साल नई सौगातें देने वाला होगा, टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। यहां देश के बड़े होटल ग्रुप जमीन तलाश रहे हैं। रहली की ओर टाइगर रिजर्व के मुहली गेट की तरफ लोगों का फोकस है हमारा प्रयास भी सैलानियों की सुविधाओं को बढ़ाने पर हैं।

-डॉ. एए अंसारी, उप संचालक, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व

# आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां: आखिर डीजे संचालकों पर क्यों मेहरबान है पुलिस प्रशासन, मार्केट में लगता है जाम, बोर्ड परीक्षा नजदीक पढ़ाई करने में छात्रों को हो रही है परेशानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज शहर सहित ग्रामीण आंचलो में भी उत्सव जेसा महोल दिखाई दिया चारो ओर शोरशराबा, हसते गाते लोग, डी जे कि घुन पर थिरकते युवा, पूराने फिल्मी गीतों पर नागिन डांस करते बुजुर्ग, हर कोई बहुत खुश यहाँ तक की रहगीर भी अपने आपको नही संभाल सके ओर उन्होंने भी दौ चार ठुमके लगा ही लिए यही खुशी का महोल दिखाई दिया सिरोंज कि सडको पर आये दिन डिजों की वजह से जाम लगता रहता है पुलिस ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया पुलिस ये माजरा देखती रहती है डीजे वालों के खिलाफ कोई कार्रवाही करती दिखाई नहीं देती।

इसी प्रकार बाजार में ट्राफिक जाम अधिक भीड़ भाड़ के चलते बाजार में भी ट्राफिक जाम की स्थिति बन जाती है अधिकांश बड़े वाहनों का बाजार में आ जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है वहीं डीजे की बड़ी-बड़ी गाड़ियां बाजार से निकलने में काफी परेशानी आई दो बारातों के आपस में इक्ट्ठे हो जाने के कारण भी यही स्थति बनी शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सिरोंज पुलिस का एक भी जवान कहीं पर देखने को नहीं मिलता जिसके




कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पडती है और डीजे वाले अपनी मनमर्जी करते रहते है।

बोर्ड परीक्षा नजदीक पडाई करने परीक्षा में छात्रों को हो रही है परेशानी देर रात तक तेज आवाज से बचते रहते है डीजे- जहां एक और शासन द्वारा डीजे पर निर्धारित समय पर चलने के आदेश हैं लेकिन प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण शासन के आदेशों को लोग खुलेआम ठेंगा दिखाते रहते हैं देर रात तक डीजे तेज आवाज से चलाते हे लेकिन पुलिस प्रशासन ने थोड़ी भी रहमत नहीं उठाती वही बोर्ड परीक्षाएं चल रही है इसका असर विद्यार्थियों और मरीजो पर को पड़ता है वहीं दूसरी ओर डीजे की इतनी तेज धुनो के कारण इसका असर लोगों की सेहत पर भी साफ तौर पर पड़ रहा है बाजार में इतनी तेज ध्वनि से डीजे बजाया जाता हे की लोगों को वह जगह ही छोड़ना पडती है कई बुजुर्गों को तो कर की आवाज से घबराहट होने के कारण घरों का रूख करना पड़ा ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार पुलिस प्रशासन डी जे चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती।

शादियों में होती है बाल मजदूरी- कुछ विशेष मौकों पर बाल मजदूरी को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और वक्ता घंटो बाल मजदूरी,ओर उनके अधिकारों पर तकरीरें करते नजर आते हैं लेकिन हकीकत में इनके अधिकार को नजर अंदाज किया जाता है शादी में जहां एक और कई बच्चे शादियों में नए-नए सूट पहनकर नाचते गाते रहे वहीं दूसरी ओर इन्हीं में कई मासूम बच्चे लाइट के गमले पकड़े दिखाई देते है इनमें से कुछ बच्चे तो इतने छोटे होते है कि उनसे गमले का वजन संभलता है ऐसे में कुछ बच्चों ने गमलों में रस्सी बांधकर गमले अपने गले में अटका लेते हैं यह सब चोरी छुपे नहीं बलके खुलेआम बाजारों में होता हैं लेकिन बाल अधिकार की बात करने वाली समाजसेवी संस्थाएं भी क्यों इन्हें नजर अंदाज करती हैं समझ से परे है वही हैरत की बात यह है कि पुलिस के सामने यह सब कुछ होता है लेकिन वह भी कोई कार्यवाही नहीं करती आखिर हमारे समाज से कब बाल मजदूरी खत्म होगी समझ नहीं आ रहा देर रात तक शादियों में घंटों गमलों का वजन सहन करने वाले बच्चों की आंखों में नींद का खुमार साफ तौर पर देखा जाता है।

## रामराज्यम समिति ने बसंत पंचमी पर कराया अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

# हास्य, व्यंग्य व गीत-छंदों में श्रोता देर रात तक लगाते रहे गोते

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

एक लंबे अर्से के बाद पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के दौर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक आयोजन की महक जनमानस के दिलों दिमाग में ताजी नजर आई। मौका था बसंत पंचमी उत्सव के अवसर पर उनके पुण्य स्मरण में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का। राम राज्यम समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में देश के नमी प्रख्यात कवियों ने हास्य, व्यंग्य,वीर तथा गीत छंदों की ऐसी महफिल सजाई जिसके रस का श्रोतागण देर रात तक आनंद लेते रहें। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने भी देर रात तक श्रोताओं के बीच बैठकर कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

राम राज्यम जन समिति के तत्वाधान में सोमवार की देर रात कपड़ा बाजार में आयोजित हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देवास से पहुंचे वीर रस के प्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव ने राष्ट्रवाद, समाजवाद देशभक्ति से ओतप्रोत अपने काव्यपाठ से श्रोताओं का मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को अपना अभिन्न मित्र बताते हुए कहा कि हम दोनों ने अनेक वर्षों तक उनके विश्व हिंदू परिषद के माध्यम साथ काम करते हुए राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने का काम किया है। उनके संस्कृति मंत्री रहते हुए मध्यप्रदेश ने साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में पहचान स्थापित की है। उन्होंने मुझे सदैव छोटे भाई सा स्नेह प्रदान किया है। पूर्व में वह ही मुझे कवि





सम्मेलन में यहां लेकर आए थे तबके ओर आज के सिरोंज में बड़ा बदलाव मुझे देखने को मिला है आज भी में उनके लिए ही उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा के बुलावे पर सब छोड़कर यहां कविता पाठ करने आया हूं। शशिकांत यादव ने कहा कि में प्रयास करूंगा कि आने वाले वर्षों में यह कवि सम्मेलन ओर भव्य स्तर पर आयोजित हो सके।

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे हास्य एवं व्यंग्य के प्रसिद्ध कवि संतोष शर्मा सागर के कविता पाठ ने जमकर गुदगुदाया। खंडवा से कवि सम्मेलन में पहुंचे नेत्रहीन कवि अकबर ताज ने भगवान श्री राम को अवतारी पुरुष बताते हुए गंगा जमुनी तहजीब को केंद्रित करते हुए अपनी बुलंद आवाज के बलबूते सामने बैठे श्रोताओं की जोरदार वाहवाही लूटी। इस दौरान गीत गजल की मशहूर कवयित्री संगीता सरल तथा शायरा साबिया असर ने प्रेम के गीतों और शायरी के माध्यम से अपने मुक्तकों को सुनाया। वहीं रायसेन के प्रसिद्ध हास्य कवि ज्ञानचंद ज्ञानि ने चुटकीले व्यंग्यों से खूब हंसाया। विदिशा के मशहूर गीत गजलकार



उदय ढोली तथा कृष्णकांत मूंदड़ा ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया।

इसके पूर्व करीब साढ़े नौ बजे मंच पर पहुंचे कवियों ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपाध्यक्ष मनमोहन साहू तथा विशिष्ट अतिथि सिरोंज के वरिष्ठ कवि सियाराम नेमा के साथ मां सरस्वती,सूर्यकांत त्रिपाठी निराला तथा वीर हकीकतराय के चित्रोबक समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। जनकल्याण समिति के सदस्यों द्वारा मंचासीन कवियों को केसरिया साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप समिति के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश दुबे, शिवकुमार मिश्रा, सर्सिज शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, संतोष दुबे, सचिन शर्मा, आदित्य गर्ग, भावेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं नागरिक बंधु मौजूद रहे।

### बसंत पंचमी पर बड़े स्तर पर कराएंगे कवि सम्मेलन

कवि सम्मेलन के प्रारंभ होने के कुछ देर बाद राम राज्यम समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा भी सहभागिता करने पहुंचे उन्होंने मंचासीन कवियों को बसंत के प्रतीक केसरिया शाल तथा तुरैया रंग के पटका उड़ाकर सम्मान करते हुए उपस्थित कविता प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि समिति विगत अनेक वर्षों से बसंत पंचमी के अवसर पर छोटे स्तर पे काव्य गोष्ठीयो का आयोजन करती रही है। इस बार समिति के सदस्यों ने बड़े स्तर पर इस आयोजन को कर अपने पुराने वैभव को लौटाने का प्रयास किया है। अगले वर्ष से इस आयोजन को ओर बढ़ा करने का प्रयास करेंगे। कवि सम्मेलन में धर्म परिवर्तन नहीं करने के एवज में बाल्य अवस्था में अपना सर कलम करवाने वाले वीर हकीकत रॉय की पुण्यतिथि का भी स्मरण किया गया। छायावाद के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी ष्निराला÷ की जयंती पर उनको भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समिति द्वारा इन दोनों के चित्रों को भी मंच पर लगाया गया था। अपने काव्यपाठ के दौरान शशिकांत यादव ने कहा कि हम लोग अपने वीर हुतात्माओं और महान संस्कृति के पुरोधाओं को भूलते जा रहे हैं आज लक्ष्मीकांत शर्मा के पुण्य स्मरण में आयोजित हो रहे कवि सम्मेलन में इन महापुरुषों के चित्रों को देखकर में गर्व से कह सकता हूं कि सिरोंज में इस संस्कृति को आप जिंदा रखे है। देर रात तक चले कवि सम्मेलन के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा ने कवि कवियों का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान मंच पर बसंत के आगमन का संदेश देती हुई गेहूं की बालियां तथा पीली सरसों के फूलों के पौधे भी लगाए गए थे।

## आकांक्षी विकासखण्ड के कार्यो का जायजा





**सिरोंज।** नीति आयोग द्वारा विदिशा जिले के बासौदा विकासखण्ड को देश के आकांक्षी विकासखण्डो की सूची में शामिल किया गया है। नीति आयोग के निर्धारित पैरामीटरो के अनुसार कार्यो के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को जबावदेंही सौंपी गई है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में बासौदा एसडीएम श्री विजय राय ने मंगलवार को खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आकांक्षी विकासखण्ड के लिए निर्धारित पैरामीटर (केपीआई) के तहत संपादित कार्यो की समीक्षा की है। उन्होंने संबंधित विभागो के खण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि समय सीमा में कार्यो का क्रियान्वयन करें ताकि बासौदा विकासखण्ड आकांक्षी विकासखण्डो की सूची में पिछड ना पाए। उन्होंने विभिन्न विभागो के कार्यो के क्रियान्वयन हेतु गैर अशासकीय संगठनो के माध्यम से किए जा रहे कार्यो की भी मानिटरिंग की। उन्होंने कहा कि निर्धारित पैटर्न के साथ-साथ नवाचारो के माध्यम से हम लक्ष्यों की प्राप्ति समयावधि से पहले सुनिश्चित करें। बासौदा जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में जनपद सीईओ श्री भगवान सिंह के अलावा विभिन्न विभागो के खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

## संचालक मण्डल के दस प्रतिनिधि का निर्वाचन सम्पन्न



**सिरोंज।** विदिशा जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित विदिशा के दस प्रतिनिधि संचालको की निर्वाचन प्रक्रिया विगत दिनो सम्पन्न हुई। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल से नियत सहकारी संस्था चुनाव कार्यक्रम अंतर्गत पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मार्यादित विदिशा के निर्विरोध अध्यक्ष ग्राम बामोरा (करेला) के श्री कोमल सिंह अध्यक्ष चुने गए है। निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष व प्रतिनिधि संचालको ने सोमवार को वन मण्डलाधिकारी श्री हेमंत यादव से सौजन्य भेंट की है। श्री यादव ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए संस्था के माध्यम से क्रियान्वित कार्यो के द्वारा जिले की ख्याति में वृद्धि हो इसके लिए स्थानीय स्तर पर क्या-क्या नवाचार किए जाए कि जानकारियां सांझा की गई है।

## ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण




**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार मासिक रूटीन तहत मंगलवार को कलेक्टेउट परिसर में स्थित ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी साथ मौजूद रही।

# जनसुनवाई में आए 96 आवेदन , 45 मौके पर ही निपटाए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा हरेक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको के आवेदनो का निराकरण मौके पर किया जा रहा है। मंगलवार चार फरवरी को 96 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिसमें से मौके पर 45 आवेदनो का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जनआकांक्षा पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों द्वारा निराकरण के संबंध में की गई पहल की जानकारियां सांझा की गई।



कलेक्टेउट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।

आज मंगलवार को 86 आयुष्मान कार्डो के संदर्भ में स्टॉल के माध्यम से कार्य संपादित किया गया है जिसमें मुख्यतः नाम परिवर्तन, नाम, पता परिवर्तन तथा नवीन आयुष्मान कार्ड जारी करने के कार्य किए गए है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत चिकित्सको के द्वारा 65 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया है जिसमें 55 नागरिकों को रक्तचाप व शुगर की जांच की गई है।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर द्वय सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती मोहिनी शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री नितिन कुमार जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में स्थापित आधार सेंटर कक्ष में पहुंचकर क्रियान्वित कार्यों का जायजा लिया

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज जनसुनवाई के दौरान यहां आवेदकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्थापित किए गए आधार सेंटर कक्ष में पहुंचकर क्रियान्वित कार्यों का जायजा लिया है। उन्होंने आधार से संबंधित कार्य कर रहे कर्मियों से संवाद कर निर्देशित किया है कि आधार अपडेट कराने पहुंचने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो का ध्यान रखें। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान आधार से संबंधित समस्या को हल कराने पहुंचे श्री पूरन अहिरवार सहित अन्य आवेदकों से संवाद किया। गौरतलब हो कि जिला प्रशासन की नवीन पहल पर प्रति मंगलवार जनसुनवाई में आवेदकों के लिए नवीन आधार कार्ड व अपडेट की व्यवस्था क्रियान्वित है। जनसुनवाई में समस्याएं लेकर पहुंचने वाले आवेदक आधार केंद्र के माध्यम से अपना आधार से संबंधित कार्य भी करा पा रहे हैं।

## जिले में 62597 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य, अब तक 27065 कार्ड बनें

**सिरोंज।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किएजा रहे हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पांच लाख रुपए तक के इलाज की सहायता दी जाती है। शासन की ओर से 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस बारे में आयुष्मान कार्ड के जिला नोडल डॉ पुनीत महेश्वरी ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के 62597 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों और संजीवनी केंद्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में अब तक 27065 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके है।

## दुधारू पशु की करंट से मृत्यु होने पर तीस हजार रुपए स्वीकृत

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम धमनोदा की आवेदिका श्रीमती रामवती बाई ने आवेदन देते हुए बताया था कि उनकी दुधारू भैंस 13 जुलाई 2023 को घटित विद्युतीय घातक दुर्घटना में मृत हो जाने के कारण ऊर्जा विभाग के द्वारा अनुदान सहायता राशि नहीं दी जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने आवेदन को त्वरित संज्ञान में लेते हुए एक सप्ताह में नियमानुसार सहायता राशि पीड़ित पशुपालक को प्रदाय की जाए के



निर्देश दिए थे। कलेक्टर की पहल रंगत लाई और मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक द्वारा पशु स्वामित्व को तीस हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है गौरतलब हो कि आवेदिका श्रीमती रामवती बाई ने पिछले सप्ताह की जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन दिया था जिस पर ऊर्जा विभाग के द्वारा एक सप्ताह में सम्पूर्ण कार्यवाही कर दुर्घटना से प्रभावित को नियमानुसार राशि तीस हजार रूपए स्वीकृत की गई है।

# चोटिल पैट कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना मुश्किल
## कोच मैकडोनाल्ड बोले- स्मिथ या हेड ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे



**नईदिल्ली. एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना मुश्किल लग रहा है। वे टखने की चोट से गुजर रहे हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ या फिर ट्रैविस हेड कंगारू टीम की कप्तानी कर सकते हैं। टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने बुधवार को कहा- कमिंस अब तक गेंदबाजी शुरू नहीं कर पाए हैं। उनका खेलना लगभग असंभव है। ऐसे में हमें एक कप्तान की जरूरत है। स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड वे दो खिलाड़ी हैं, जिन्हें हम लीडरशिप के लिए देखेंगे। कोच ने जोश हेजलवुड की इंजरी पर कहा- वे भी समय पर वापसी करने के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। हेजलवुड भारत के



ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान चोटिल हुए थे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से जीती थी। कमिंस में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था।

**टॉप-5 गेंदबाज:** बेटे के जन्म के कारण श्रीलंका से दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके पैट कमिंस दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। उनके टखने में चोट भी है। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने 9 जनवरी को पैट कमिंस की फिटनेस अपडेट दी थी। ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला इंग्लैंड से चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका व अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है।

**ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा मैच :** फाइनल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, जबकि साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।

# आईपीएल का सीजन 21 मार्च से शुरू होगा, 25 मई को कोलकाता में फाइनल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 का पहला मैच 21 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। यहीं 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग का तीसरा सीजन 7 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इस बार का टूर्नामेंट 2 की बजाय 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। रिपोर्ट अनुसार आईपीएल कमेटी ने सभी फ्रेंचाइजी को टूर्नामेंट शुरू होने की डिटेल भेज दी है, जिससे कि वे खिलाड़ियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दें। कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल की डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। आईपीएल का पूरा शेड्यूल जनवरी के आखिर में रिलीज किया जा सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी के कारण देर से शुरू होगा टूर्नामेंट नवंबर में आईपीएल का मेगा ऑक्शन हुआ। जिसके बाद कमेटी ने सभी टीमों को अगले 3 साल का संभावित शेड्यूल बताया था। जिसके हिसाब से इस बार का टूर्नामेंट 15 मार्च से 25 मई तक होना था। हालांकि 9 मार्च को आईपीएल चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। इसलिए प्लेयर्स को आराम देने के लिए बीसीसीआई ने आईपीएल शुरू होने की तारीख को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। 18वें सीजन में 74 मैच होंगे 2025 में आईपीएल का 18वां सीजन होगा, टूर्नामेंट



2008 में शुरू हुआ था और तब से हर साल खेला जा रहा है। 18वें सीजन में 10 टीमों के बीच 74 मैच होंगे, इतने ही मैच 2022 से हर सीजन में खेले जा रहे हैं। 2022 में जब आईपीएल ने अपने ब्रॉडकास्टिंग राइट्स बेचे थे, तब कहा था कि 2025 और 2026 के सीजन में 84-84 मैच होंगे। हालांकि प्लेयर्स का वर्कलोड मैनेज करने के लिए कमेटी इस बार 74 मैच ही आयोजित कराने वाली है। 4 मैदानों पर होगा डब्ल्यूपीएल बीसीसीआई ने यह भी तय किया है कि इस बार 4 मैदानों पर खेला जाएगा। पिछले सीजन में मुंबई और बेंगलुरु में सभी मैच हुए थे, इस बार भी दोनों वेन्यू को मेजबानी मिली है। हालांकि इस बार वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम और लखनऊ के इकाना स्टेडियम को भी मेजबानी मिली है। मुंबई में ब्रेबोर्न स्टेडियम में मैच होने हैं। किस वेन्यू पर कितने मैच होंगे, यह शेड्यूल रिलीज होने के बाद ही साफ हो पाएगा। आईपीएल की शुरुआत 2023 में हुई थी। मुंबई इंडियंस ने पहले सीजन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पिछले सीजन का खिताब जीता। दोनों ही टीमों ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। टूर्नामेंट में 5 टीमों के बीच 22 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल मेगा ऑक्शन- 182 प्लेयर्स बिके, 639.15 करोड़ खर्च सऊदी अरब के जेद्दाह में 2 दिन चला आईपीएल का मेगा ऑक्शन पूरा हो गया।

### 19 फरवरी से शुरू होगी चैंपियंस ट्रॉफी

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में खेली जाएगी। इसके 2 सप्ताह बाद आईपीएल शुरू होगा। अगर टीम इंडिया फाइनल में पहुंची तो भी प्लेयर्स के पास रेस्ट के लिए अच्छा-खासा समय रहेगा। डिफेंडिंग चैंपियन के घर में पहला मैच आईपीएल में परंपरा रही है कि डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर अगले सीजन का पहला और फाइनल मैच खेला जाता है। 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई में खिताब जीता था। इसलिए अब कोलकाता में ओपनिंग और फाइनल मैच होगा। हालांकि च्चक्रका सामना ओपनिंग मैच में किस टीम से होगा, यह अब तक सामने नहीं आया है।

# भारत-पाकिस्तान मुकाबले के टिकट मिनटों में बिके, 23 फरवरी को मुकाबला

**दुबई. एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की टिकट कुछ ही मिनट में सोल्ड आउट हो गए। हाइब्रिड मॉडल में हो रहे टूर्नामेंट में 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान का मैच दुबई में खेला जाना है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए टिकट की बिक्री सोमवार शाम 5 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई थी। टिकट की सबसे कम कीमत 125 दिरहम यानी भारतीय करेंसी में 2964 रुपए थी। वहीं प्रीमियम लॉन्ज की कीमत 5000 दिरहम, भारतीय करेंसी में 1 लाख 18 हजार रुपए थी। हालांकि इस दावे की अभी तक बीसीसीआई ने न पुष्टि की है, न ही खारिज किया है। टिकट खरीदने वाली सुधाश्री न्यूज एजेंसी ढ्ढहृस् के मुताबिक दुबई के निवासी सुधाश्री ने बताया, मैं जानता था कि टिकट के लिए वेट करना होगा, लेकिन जिस स्पीड से टिकट बिक रहे थे वो शॉकिंग था। जब मैं टिकट खरीदने पहुंचा तब सिर्फ 2 कैटेगरी बाकी थी। जो मेरे बजट से बाहर थी। टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है पाकिस्तान पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। साल 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने हराकर खिताबी जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें हैं। सभी टीमें ग्रुप में 3-3 लीग मैच खेलेंगी और और टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल या फाइनल में अगर भारतीय टीम पहुंचती है तो मुकाबले दुबई में होंगे। भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश से इंडिया-पाकिस्तान के मैच से पहले भारत बांग्लादेश से भी भिड़ेगा, जो मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा। लेकिन बीसीसीआई की वेबसाइट पर इसके टिकट भी बुक हो चुके हैं। न्यूजीलैंड के साथ 2 मार्च को खेला जाने वाला मैच भी पूरी तरह सोल्ड आउट है। दुबई स्टेडियम में 25 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का टूर्नामेंट पहले पूरी तरह से पाकिस्तान में होना था, लेकिन भारतीय टीम ने पाकिस्तान जाकर खेलने को मना कर दिया। जिसके बाद यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जा रहा है। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए 25 हजार सीट हैं।



## मेट्रो बाजार

# टैरिफ वॉर से बाजार में उठापटक के आसार, वेट एंड वॉच की रणनीति

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते भी उठापटक जारी रहने के आसार हैं। अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से फिर से टैरिफ वॉर शुरू करने और कनाडा, मैक्सिको, चीन के जवाबी टैरिफ से अमरीकी सहित ग्लोबल बाजारों के प्रभावित होने की आशंका है। भारत में आम बजट पेश हो गया है, इस पर भी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार अपनी प्रतिक्रिया देगा। विश्लेषकों के अनुसार, आम बजट का प्रभाव इस सप्ताह भी जारी रह सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी शेयर बाजारों को प्रभावित करेंगी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के नगराज शेट्टी ने कहा, निफ्टी का मौलिक रुझान पॉजिटिव बना हुआ है, लेकिन बाजार 23500-23600 स्तरों



पर कड़े रेजिस्टेंस का सामना कर रहा है। अगर निफ्टी इस स्तर को निर्णायक रूप से पार कर लेता है, तो यह निकट भविष्य में 24,000 की ओर बढ़ सकता है। वहीं, इमिडिएट सपोर्ट 23,300 के स्तर पर मौजूद है। वहीं एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक डे ने कहा कि डेली चार्ट पर एक छोटी बॉडी वाली कैंडल बनी है, जो अनिश्चितता को दिखाती है। निफ्टी जब तक 23,300 के ऊपर बना रहता है, तब तक रुझान पॉजिटिव रह सकता है। हालांकि, अगर यह इस सपोर्ट के नीचे गिरता है तो बाजार में घबराहट बढ़ सकती है।

**क्या करें निवेशक:** एंजेल वन विश्लेषक ओशो कृष्णन ने कहा, अमरीका के टैरिफ वॉर से बाजार में अस्थिरता आ सकती है। एफआइआई की भागीदारी बहुत कम थी, इसलिए वास्तविक प्रतिक्रिया सोमवार को आने का अनुमान है। बाजार पर बजट के असर को समझने के लिए एक-दो दिन रुकने की जरूरत है। निवेशकों को अभी वेट एंड वॉच की रणनीति अपनानी चाहिए।

**बजट का रिएक्ट करेगा बाजार:** बजट में मिडिल क्लास को टैक्स कटौती का फायदा दिया गया है, जिससे कंजम्पशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआइ सीमा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव दिया है। इंफ्रा और सोशल सेक्टर्स में अधिक निवेश का ऐलान किया गया है, इन सबका असर आने वाले दिनों में बाजार पर देखने को मिलेगा। अमरीकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से बाजार पर दबाव पड़ सकता है। अमरीका और भारत के मैन्युफैक्चरिंग डेटा पर भी नजर रखेंगे।

# बार-बार केवाईसी करने का झंझट जल्द होगा खत्म

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लोगों को बार-बार केवाइसी कराने की झंझट से जल्द मुक्ति मिल जाएगी। केंद्र सरकार इस साल नई सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री लॉन्च करने की तैयारी में है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, केवाइसी प्रक्रिया सरल बनाने के लिए नई सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री 2025 में लॉन्च की जाएगी। केवाइसी रेकॉर्ड को अपडेट करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली भी लागू की जाएगी। सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री एक केंद्रीय डेटाबेस है, जहां फाइनेंशियल सेक्टर के सभी ग्राहकों के केवाइसी रेकॉर्ड सुरक्षित तरीके से रखे जाते हैं। सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री में इसमें एआइ तकनीक से पहचान की जांच और दस्तावेजों का वेरिफिकेशन होगा। डिजिलॉकर के जरिए ग्राहक अपने केवाइसी दस्तावेज सुरक्षित रख सकेंगे और एक्सेस कर सकेंगे। ग्राहकों को ओटीपी के जरिए अपनी जानकारी तक पहुंच को मंजूरी या इनकार करने का विकल्प मिलेगा। इसमें केवाइसी दस्तावेज सरकारी डेटाबेस से क्रॉस-वेरिफाई किए जाएंगे, ताकि धोखाधड़ी समय पर रोकी जा सके। इसके अलावा, वित्तीय संस्थाएं मुफ्त में केवाइसी रेकॉर्ड अपलोड कर सकेंगी।




**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**



# 'पुकार' बनी तो संतोषी से नाराज हुए सनी देओल, जानें शूटिंग के दौरान माधुरी ने क्या क्या झेला

'घायल', 'दामिनी', 'बरसात' और 'घातक' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले राजकुमार संतोषी ने साल 2000 में माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर को लेकर एक फिल्म बनाई 'पुकार।' फिल्म में माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर की जोड़ी को काफी पसंद किया गया। 'पुकार' के बनने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। चाहे इस फिल्म के निर्माण की वजह से सनी देओल की नाराजगी हो या अलास्का के ग्लेशियर में शूट करते हुए माधुरी दीक्षित की तबियत बिगड़ जाना हो। आज इस फिल्म ने अपने रिलीज के 25 साल पूरे कर लिए हैं। 'पुकार' की नींव इसके बनने के नौ साल पहले ही पड़ चुकी थी। दरअसल, राजकुमार संतोषी साल 1991 में सनी देओल और मीनाक्षी शेषाद्रि को लेकर 'अजय' नाम की फिल्म बनाने वाले थे। इस बीच मीनाक्षी और संतोषी के बीच मतभेद हो गया और फिल्म को रोक दिया गया। इसके बाद उन्होंने 'घातक' बनाने की सोची। साल 1998 में बोनी कपूर ने राजकुमार संतोषी को एकर बढ़िया ऑफर दिया और कहा कि वह अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित को लेकर एक फिल्म बनाए। संतोषी ने 'अजय' को इसके लिए चुना और इस फिल्म का शीर्षक 'पुकार' दिया। इस फिल्म के बनने से सनी देओल नाराज हो गए, क्योंकि स्क्रिप्ट के पीछे का आईडिया उन्हीं का था। अभिनेता को लगा कि संतोषी ने उन्हें धोखा दिया है।

**माधुरी की तबीयत बिगड़ी तो रुकी शूटिंग:** इस फिल्म का गीत 'किस्मत से हम तुमको मिले' अलास्का के 'ग्लेशियर पर शूट किया गया था। इस गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। अलास्का में बहुत ज्यादा ठंड थी, जिससे माधुरी के होंठ नीले पड़ गए थे। शूटिंग के दौरान माधुरी की हालत इतनी खराब हो गई कि शूटिंग को बीच में ही रोकना पड़ा था। इस पूरे शूट के दौरान माधुरी ने केवल शिफॉन की साड़ी पहनी थी। माधुरी की तबियत खराब होने पर शूटिंग पर डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर ने माधुरी का चेकअप किया और उनकी तबीयत ठीक करने के लिए एक हिटर मंगवाया और जब तक माधुरी ठीक नहीं हो गईं शूटिंग रुकी रही। 'पुकार' फिल्म के गाने 'के सेरा सेरा' गाने पर पहली बार एक साथ डांस किया। इस गाने में प्रभु देवा और माधुरी दीक्षित ने बेहतरीन डांस किया है, जिसे फैंस आज भी पसंद करते हैं।

# अनुराग बसु की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे अभिनेता कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन और अनुराग बसु अपनी नई फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। निर्देशक ने एक इंटरव्यू में आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दिया। कार्तिक आर्यन ने 2022 में अनुराग बसु के साथ काम करने की घोषणा की थी, तब से प्रशंसक आगामी प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। लंबे इंतजार बाद, आखिरकार फिल्म पर एक अपडेट आया है। हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म में तृप्ति डिमरी को कास्ट नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह का खुलासा अनुराग ने खुद भी किया था। वहीं अब अनुराग ने फिल्म से जुड़ा दिलचस्प अपडेट साझा किया है। निर्देशक अनुराग बसु ने खुलासा किया कि शूटिंग मार्च 2025 में शुरू होगी। आगामी फिल्म पर एक अपडेट साझा करते हुए अनुराग बसु ने बताया कि फिल्म अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है, जिसकी शूटिंग मार्च में शुरू होने वाली है। अनुराग ने एएनआई को बताया, ऋहमने अभी तक शूटिंग शुरू नहीं की है। हम अगले महीने शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म का निर्माण विशेष फिल्म्स और टी-सीरीज ने मिलकर किया है। मुख्य महिला किरदार के बारे में अभी तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार कार्तिक आर्यन और अनुराग बसु साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम आशिकी 3 बताया जा रहा है। हालांकि इस नाम को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। ऐसे में आधिकारिक तौर पर इस नाम पर मुहर नहीं लगी है। इससे पहले जनवरी 2025 में ऐसी खबरें आई थीं कि तृप्ति डिमरी ने इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग कर लिया है, क्योंकि निर्माताओं को लगा कि वह इस भूमिका के लिए उपयुक्त नहीं हैं। एनिमल में उनके बोल्ड सीन को इसका कारण बताया गया, जिसमें दावा किया गया कि इन दृश्यों ने उन्हें आशिकी 3 के पारंपरिक मासूमियत और पवित्रता के चित्रण के लिए अनुपयुक्त बना दिया। हालांकि, अनुराग बसु ने इन खबरों का खंडन किया और कहा कि सच नहीं है। तृप्ति भी यह जानती हैं।

# 'स्काई फोर्स' का जलवा बरकरार, 'देवा'-'डाकू महाराज' का भी जाने हाल

बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों के बीच टक्कर चल रही है। सोमवार के कलेक्शन भी सामने आ चुके हैं, जिसमें स्काई फोर्स ने बाजी मारी है। चलिए जानते हैं कि सोमवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। कई पुरानी फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में नई फिल्में भी लगी हुई हैं। देवा के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर स्काई फॉर्स, इमरजेंसी, डाकू महाराज और गेम चेंजर सहित कई फिल्में भी कमाई के मामले में एक दूसरे का मुकाबला कर रही हैं। वहीं सोमवार को भी फिल्मों ने अपनी रफ्तार बरकरार रखने की कोशिश की। चलिए जानते हैं कि सोमवार को किस फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया अभिनीत स्काई फोर्स लगातार ऊंची उड़ान भर रही है। इस फिल्म के लगातार बढ़ते हुए कलेक्शन ने कई फ्लॉप फिल्मों के बाद अक्षय के खाते में एक हिट फिल्म आने की उम्मीद जगाई है। फिल्म ने पहले दिन 15.30 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला था। यह इस साल 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म बनी। फिल्म का शनिवार को सोमवार में 11वां दिन था। सोमवार को फिल्म ने 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की। अब फिल्म की कुल कमाई 116.15 करोड़ रुपये हो चुकी है। शाहिद कपूर की फिल्म देवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन यह पहले दिन ही दर्शकों पर अपना जादू चलाने में नाकामयाब रही। फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। शनिवार को फिल्म का सिनेमाघरों में दूसरा दिन था। ऐसे में शनिवार को देवा ने उछाल के साथ 6.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रविवार को इसने 7.25 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, सोमवार को देवा ने 2.55 करो? रुपये की कमाई की, जिसके बाद फिल्म की कुल कमाई 21.7 करोड़ रुपये हो गई।

## होटल में पार्टी करने गए युवक का फंदे पर लटका मिला शव



**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में सोमवार रात दोस्त के साथ पार्टी करने युवक का शव मंगलवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला है। घटना पूर्व सुबह वह अपने दोस्त को छोड़ने होटल के बाहर तक आया था। सुसाइड नोट नहीं मिलने और परिजनों के बयान नहीं होने से फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक कैलाश नगर सेमरा कला निवासी अमन दुबे पुत्र शिव दुबे (26) प्राइवेट काम करता था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह एमपी नगर जोन-एक स्थित होटल कृष्णा क्रिस्टल में पड़ोस में रहने वाले दोस्त विशाल के साथ पार्टी करने गया था। उन लोगों ने होटल का कमरा नंबर 1307 बुक किया था। रातभर दोनों दोस्तों ने पार्टी की और सुबह करीब साढ़े सात बजे विशाल होटल से चला गया था। अमन उसे नीचे तक छोड़ने भी आया था। करीब एक घंटे बाद वेटर ने चाय-नाश्त के लिए कमरा के दरवाजा खटखटाया लेकिन भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। तब मैनेजर ने डुप्लीकेट चाबी से दरवाजा खोला तो भीतर अमन फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

### लोगों ने दी सलाह, केरोसिन पिलाने से पैरालिसिस में फायदा, बिगड़ी हालत, एम्स में दम तोड़ा

# बेटे ने लकवाग्रस्त मां को केरोसिन पिलाया, मौत पर हत्या का केस दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित गंगानगर झुग्गीबस्ती में केरोसिन (मिट्टी का तेल) पीने से लकवाग्रस्त महिला की एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब एक सप्ताह पूर्व महिला को पैरालिसिस का अटैक आया था।**



झाड़-फूंक और अस्पतालों में इलाज कराने के बाद जब फायदा नहीं हुआ तो लोगों की सलाह पर महिला के बेटे ने अपनी मां को आधा गिलास केरोसिन पिला दिया। केरोसिन पीते ही महिला की हालत बिगड़ गई। उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बेटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि गंगानगर झुग्गीबस्ती कोटरा निवासी मंगला बमनेरे पत्नी मिट्ठूलाल बमनेरे (48) गृहणी थीं। परिवार में पति और दो बेटे हैं। पति और बेटे प्राइवेट काम करते हैं। विगत 28 जनवरी को मंगला को पैरालिसिस अटैक आया था। उनके आधे शरीर ने काम करना बंद कर दिया था। महिला का बेटा उमेश बमनेरे और अन्य परिजन उन्हें नारियलखेड़ा इलाके में बैठने वाले एक स्पेशलिस्ट डॉक्टर के पास ले गए थे। लेकिन इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद महिला का इलाज हजेला अस्पताल में भी कराया गया।

आराम नहीं मिलने पर उमेश बमनेरे अपनी मां को तांत्रिक व बाबाओं के पास झाड़-फूंक के लिए भी लेकर गया। इस बीच कुछ लोगों ने उमेश को सलाह दी कि केरोसिन (मिट्टा का तेल) पिलाने से लकवाग्रस्त मरीज को फायदा हो जाता है।

लोगों की सलाह पर उमेश ने 29-30 जनवरी की दरमियानी रात अपनी मां को आधा गिलास केरोसिन पिला दिया। केरोसिन पीते ही मंगला बमनेरे की हालत बिगडने लगी। फौरन उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। विगत एक फरवरी को इलाज के दौरान मंगला बमनेरे की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

शार्ट पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला की मौत केरोसिन पीने से हुई है। लिहाजा मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मृतका के बेटे उमेश बमनेरे (33) के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इवेंट से लौट रहे डीजे ऑपरेटर की मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अवधपुरी चौराहे के पास स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने रविवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने केटीएम मोटरसाइकिल पर सवार डीजे ऑपरेटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही डीजे ऑपरेटर मोटरसाइकिल समेत सामने दीवार में जा भिड़े। गंभीर हालत में उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक झील नगर, अयोध्या नगर निवासी के आकाश वर्धन पुत्र के प्रभाकर वर्धन (26) डीजे ऑपरेटर थे। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह अवधपुरी इलाके में कार्यक्रम कर अपनी केटीएम मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इस बीच अवधपुरी चौराहा व चेतक ब्रिज के बीच स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। टक्कर इतनी तेज थी कि के आकाश वर्धन मोटरसाइकिल समेत सामने की दीवार में जा घुसे। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें एम्स में भर्ती कराया था। कुछ देर बाद आकाश की मौत हो गई थी।

# होटल पर क्राइम ब्रांच ने मारा छापा मैनेजर समेत 8 जुआरी गिरफ्तार

**छत पर जमी थी जुए की महफिल, होटल का मालिक भी संदेह के घेरे में, जांच के बाद हो सकती है कार्रवाई**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

क्राइम ब्रांच पुलिस ने बीती रात दरमियानी रात चौक बाजार लखेरापुरा स्थित होटल श्रीगंगा पैलेस में छापे की कार्रवाई कर 8 आदतन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल के मैनेजर को भी आरोपी बनाया है। सभी आरोपी होटल की चौथी मंजिल स्थित एक कमरे में जुए की महफिल जमाए हुए थे। ताश पत्तों के अलावा करीब 56 हजार रुपए नगदी बरामद हुई है। होटल के मालिक की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में यदि मालिक दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे मुखबिर से सूचना मिली कि चौक बाजार लखेरापुरा स्थित होटल श्री गंगा पैलेस थाना कोतवाली क्षेत्र में कुछ लोग ताश पत्तों पर अवैध रूप से रुपए पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम होटल श्रीगंगा पैलेस की घेराबंदी कर दी और होटल की चौथी मंजिल स्थित छत पर पहुंची। वहां एक कमरे में 8 लोग ताश पत्तों से जुआ खेलते मिले। क्राइम ब्रांच ने सभी 8 जुआरियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। जुआरियों के पास ताश पत्तों के अलावा 55 हजार 700 रुपए नगद बरामद हुए। गिरफ्त में आए जुआरियों के नाम सुभाष कोरी (44) निवासी शारदा नगर निशातपुरा, लालचद रतनानी (55) निवासी शिवाजी वार्ड गांधी नगर, बाबू शेख (55) निवासी मुस्लिम कैम्प नंबर 12 बैरागढ़, सिराज खान उर्फ पत्ती (42) निवासी हाई स्कूल के पीछे गांधी नगर, मुजू उर्फ चच्चा (55) निवासी हरी मजार के पास निशातपुरा, जितेन्द्र रैकवार (44) निवासी टीला जमालपुरा, आरिफ खान (36) निवासी टीला जमालपुरा व वसीम खान (40) निवासी पारस नगर गांधी नगर बताए गए हैं। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मैनेजर की परमीशन से चल रहा था जुआ

पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच को पिछले कई दिनों से लखेरापुरा स्थित होटल श्री गंगा पैलेस में जुआ खिलाए जाने की सूचना मिल रही थी। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात पुख्ता जानकारी मिलने पर क्राइम ब्रांच ने छापे की कार्रवाई कर दी। हालांकि पुलिस ने गिरफ्त में आए 8 जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लेकिन होटल के मालिक और मैनेजर की भूमिका भी इस मामले में संदेह के घेरे में थी। लिहाजा पुलिस ने होटल के मैनेजर को भी आरोपी बनाया है जबकि होटल मालिक की भूमिका के बारे में जांच की जा रही है। गिरफ्त में आए जुआरियों में कुछ आदतन जुआरी और कुछ व्यापारी वर्ग से हैं।

## क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला सटोरिया पकड़ा

**क्राइम ब्रांच को 99 लाख रुपए का मिला हिसाब-किताब**

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलने और खिलाने वाले सटोरिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चार हजार रुपए नगद व मोबाइल फोन मिला है। मोबाइल में क्रिकेट मैच पर 99 लाख 86 हजार 763 रुपए ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन का हिसाब मिला है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एमपी नगर स्थित बापू की कुटिया के सामने पार्किंग के पास एक युवक ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा बुक कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां खड़े एक युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भावेश गुदलानी (44) निवासी जेके रोड अयोध्या नगर बताया। मोबाइल चैक करने पर उसमें ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन का हिसाब-किताब मिला। आरोपी के पास से सट्टे के चार हजार रुपद भी मिले। आरोपी भावेश ने क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलने व खिलाने की बात कुबूल की। आरोपी के मोबाइल में कुल 99 लाख 86 हजार 763 रुपए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के लेनदेन का हिसाब-किताब मिला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ग्रेजुएट है और खुद की दुकान चलाता है।

## खदान में नहाते समय करंट से पांच साल के मासूम की मौत

**बच्चों के साथ नहाते समय हुआ हादसा**

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मिलेनियम कॉलेज के पास क्रेशर खदान में मंगलवार शाम नहाते समय पांच साल के मासूम की मौत हो गई। उसे नहाते समय खदान में पानी की लगाई गई मोटर के केबल से करंट लगा था। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार मंगल सिंह पटेल मिलेनियम कॉलेज के सामने क्रेशर खदान के पास झुग्गी बनाकर रहते हैं और वहीं क्रेशर में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पांच बच्चे थे। आयुष पटेल (5) उनका चौथे नंबर का बेटा था। आयुष पहली कक्षा में पढ़ता था। मंगलवार शाम वह मोहल्ले के बच्चों के साथ नहाने के लिए खदान गया था। शाम करीब चार बजे बच्चों ने मोहल्ले में आकर बताया कि आयुष को करंट लग गया है। परिजन और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आयुष को लेकर निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद आयुष को मृत घोषित कर दिया। खदान में महज तीन फीट पानी बचा है। इस खदान में मोहल्ले के बच्चे और बड़े लोग नहाते है। खदान में एक किसान ने गेहूं में पानी लगाने मोटर डाल रखी है। मोटर के लिए लंबा केबल कटे हुए के संपर्क में आने से करंट लगा और उसकी मौत हो गई।

## बेहिसाब सुपारी: दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकडी

**भोपाल।** सीजीएसटी टीम ने राजधानी के समीप बैरसिया के एक गोदाम से 31 टन सुपारी जब्त की है। सुपारी का कोई लेखा-जोखा नहीं मिला है। पता नहीं है सुपारी किसकी थी? गोदाम में कहां से आई थी और कहां भेजा जाना था? गोदाम अनिल जैन नामक व्यक्ति ने किराये पर लिया है। सीजीएसटी के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि यहां रखी सुपारी मंगलवार को कहीं और भेजी जा रही है। इसमें कर चोरी का संदेह होने पर टीम ने छापा मारा। यहां सुपारी से भरे 4500 बैग मिले। प्रत्येक बैग में 70 किलो सुपारी थी। इसमें दो करोड़ रुपये जीएसटी चोरी का प्रारंभिक अनुमान है।


**Required Contractual Staff**

Required Senior Project Associate at ICMR-National Institute of Research in Tribal Health. Please share your resume latest by 15 Feb 2025 to contactmax2579@rediffmail.com

| Name of project | "Mission Program of pediatric Rarc Genetic Disorder" at ICMR-NIRTH Jabalpur (M.P). | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name &No of post | Essential Qualification | Desirable Qualification | Upper age limit | Consolidated Monthly Salary | Work Responsibility |
| 1 | Senior Project Associate 01 Post (UR) | 1.Master's degree in life sciences or Bachelor's Degree in Medicine from recognized university or equivalent 2. Four-year experiende in Research and Development in Industrial and academic Institutions or Seience and technoloty organizations and scientific activity services Or Doctoral Degree in Science /MD/MS from recognized university or eqnivalenl. | Research experience in Human Genetic Disorder Working experience in Sangar Sequencing NGS technologies and Bioinformatics analysis. Both Wet lab and Bioinformatice, experience is needed. Candidates having first author publications will be given preference. | Not exceeding 40 years | Rs.42,000/- +HRA pm | Senior Project Associate is is required for coordinating the study including recruitment of patients and conducting tests like Karyo typing, MLPA sequeneing and other project-related works assigned by the PI. |



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल**

Fax & Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in·

क्रमांक 116 / तक/का.यं./ मैके.खण्ड/ भोपाल/2024/ दिनांक 31/01/2025

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 37/2024-25 दिनांक 31.01.2025 ऑन- लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_399990_1 दिनाक 31.01.2025

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत मैकेनिकल उपखण्ड राजगढ़ की के.एल.आर-09 विभागीय रिग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय एवं मरम्मत कार्य हेतु ऑन लाईन डिजिटली इस्ताक्षरित निविाद दिनांक 17.02.2025 सायं 17.00 बजे तक मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो, से एपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण-पत्र / अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निधारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 18.02.2025 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 4,72,200.00/- (रूपये चार लाख बाहत्तर हजार दो सौ) मात्र है। तथा प्रतिभूति राशि 2000/- ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईटः पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः-

| विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत मैकेनिकल उपखण्ड राजगढ़ की के.एल.आर.-09 विभागीय रिग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय एवं मरम्मत कार्य | 4,72,200.00 | 9,444.00 | 2,000.00 | 17.02.2025 17.00 बजे तक | 18.02.2025 17.15 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_399990_1 दिनाक 31.01.2025 पर उपलब्ध है।

G-22577/24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां.वि.मैके. खण्ड
भोपाल


**मेट्रो एंकर** तबीयत बिगड़ने पर ले गए निजी अस्पताल, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

# टीचर ने की अश्लीलता 11वीं की छात्रा ने खाया जहर

भोपाल, दोपहर मेट्रो



सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में गत 26 जनवरी को स्कूल से लौटकर 11वीं की छात्रा ने चूहामार जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में मर्ग कायम कर जांच की। जांच में यह बात सामने आई कि छात्रा के स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर ने उससे अश्लील हरकत की थी। इसी से आहत होकर उसने यह कदम उठाया था। पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी टीचर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि टीचर इंजीनियर का छात्र है और बिहार का रहने वाला है। घटना के बाद से बिहार फरार हो गया है। उसकी तलाश में एक टीम बिहार के लिए रवाना की गई है।

पुलिस के अनुसार 11वीं कक्षा की 15 साल की छात्रा ने गत 26 जनवरी को चूहामार खा लिया थ। वह स्कूल से लौटी थी। उसे उल्टियां करते देख पिता अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। उसने मरने से पूर्व पिता को बताया था कि स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर नीतेश ने उससे गंदी हरकत की थी।

### छात्राओं से पूछताछ

पुलिस ने उक्त मामले में स्कूल में पढ़ने वाली मृतका की सहेलियों से पूछताछ की थी। इसके अलावा एक एक अन्य महिला टीचर से पूछताछ की थी। पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपी नीतेश द्वारा छात्रा के साथ अश्लील हरकत की गई थी। पुलिस ने परिजन, सहेलियों और महिला टीचर से पूछताछ के बाद आरोपी नीतेश दुबे पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाशी के लिए एक टीम बिहार भेजी गईहै।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022